



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 69 | कोरबा, मंगलवार , दिनांक 10 दिसम्बर 2024 डाक 11 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

नई दिल्ली में एएसएन स्कूल मयूर विहार फेज 1 को बम की धमकी मिलने के बाद वहां से अपने ब'चों को लेने के बाद अभिभावक जाते हुए





**देश-विदेश**

बंगाल के शहरों में हर पांच साल में बढ़ेगा संपत्ति कर, कीमतों में भी होगा इजाफा, विधेयक पारित





**फीचर पेज**

गर्दन का कालापन कैसे दूर करें, यहां जानिए 10 मिनट में टैनिंग हटाने का आसान उपाय




## बस तमाशा करना है और छुट्टियां मनाने विदेश जाना है, किरेन रिजिजू का राहुल गांधी पर जोरदार हमला

**नईदिल्ली, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को एक बार फिर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तमाशा करने का आरोप लगाया। कांग्रेस लगातार अदाणी मामले को लेकर संसद के अंदर और बाहर विरोध-प्रदर्शन कर रही है। इसी को लेकर भाजपा नेता ने राहुल की आलोचना की। रिजिजू ने राहुल गांधी की आलोचना की और उनकी विदेश छुट्टियों पर तंज कसा। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, राहुल गांधी को तमाशा करने और प्रधानमंत्री को गाली देने में आनंद आता है। मगर, अन्य सांसदों की भी उन लोगों के प्रति जिम्मेदारी है, जिन्होंने उन्हें चुना है। उन्हें बस यहां तमाशा करना है और फिर अपनी छुट्टियों का आनंद लेने के लिए विदेश जाना है। इतना ही नहीं उन्होंने संसद के बाहर राहुल गांधी के विरोध प्रदर्शन का वीडियो भी पोस्ट किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता को लोगों की समस्याओं की परवाह नहीं है, क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने आगे कहा, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, राज्यसभा में सभी कांग्रेस सांसद, लोकसभा में कुछ कांग्रेस सांसद और कई पार्टी सांसद वास्तव में संसद की बहस और चर्चा में भाग लेने के इच्छुक हैं। राहुल गांधी जी के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है क्योंकि वह लोगों के दर्द और समस्या को महसूस नहीं कर सकते हैं, लेकिन अन्य सांसद करते हैं! तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) और समाजवादी पार्टी के सदस्य इस विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हो रहे हैं।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले भी सोमवार को हुए विरोध प्रदर्शन में मौजूद नहीं थीं। इससे पहले छह दिसंबर को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि उन्हें संसद के शीतकालीन सत्र में भाग लेना चाहिए और अदाणी पर जांच से डरना नहीं चाहिए। शीतकालीन संसद का पहला सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ था, जिसमें व्यवधानों के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही सही तरीके से नहीं चल पा रही है। शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा।

## एसएम कृष्णा के निधन पर पीएम मोदी ने जताया शोक, जयशंकर-राहुल समेत अन्य नेताओं ने ऐसे दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली, 10 दिसम्बर।**

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा के निधन से राजनीतिक जगत में शोक की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर और कांग्रेस के दर्जनों नेताओं ने मंगलवार सुबह ही कृष्णा को श्रद्धांजलि दी। इनमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई नाम शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एसएम कृष्णा के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि वह एक असाधारण नेता थे, जिनका सभी क्षेत्रों के लोग सम्मान करते थे। एसएम कृष्णा का मंगलवार सुबह बंगलूरू में उनके आवास पर निधन हो गया। 92 वर्षीय वरिष्ठ नेता लंबे समय से बीमार थे।

## छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, और महाराष्ट्र बॉर्डर पर नक्सलियों का कड़ा प्रहार

**रायपुर, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

नक्सलियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन की तैयारी चल रही है। जानकारी के मुताबिक, तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़) की पुलिस मुरकुडडोह बेस कैंप में पेट्रोलिंग कर रही है। नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में मुरकुडडोह बेस कैंप का अहम स्थान है। यहां महाराष्ट्र की सी-16, मध्य प्रदेश की हाफ फोर्स और छत्तीसगढ़ की डीआरजी फोर्स पेट्रोलिंग करती है।इस बीच बीजापुर से खबर है कि डीआरजी बीजापुर व थाना नैमेड़ के जवानों ने रविवार को मोसला-दुरधा के जंगल से कडेर के पूर्व सरपंच सुखराम अवलम की हत्या में शामिल एक लाख के इनामी नक्सली सन्नू कोरसा ऊर्फ गुट्टा व पंडरू उरसा को गिरफ्तार किया है। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान जवान मोसला-दुरधा के जंगल की ओर गए थे। वहां पांच दिसंबर24 को कडेर के भूतपूर्व सरपंच सुखराम अवलम की हत्या में शामिल एक लाख के इनामी मोसला अध्यक्ष सन्नू कोरसा ऊर्फ गुट्टा व पंडरू उरसा को पकड़ा गया। पकड़े गए नक्सलियों से घटना में शामिल अन्य नक्सलियों के सबंध में जानकारी मिली है, जिसके आधार पर घटना में शामिल अन्य नक्सलियों की तलाश की जा रही है। दोनों नक्सलियों के विरूद्ध थाना नैमेड़ में कार्रवाई उपरांत रिमांड पर न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

## कार और ट्रक के बीच भीषण टक्कर, 2 की मौत तीन घायल



**बीड, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के बीड जिले के अंबाजोगाई में अंबासाखर फैक्ट्री के पास मंगलवार सुबह 7 बजे के बीच एक स्विफ्ट कार और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। इस भीषण हादसे में स्विफ्ट कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों की मदद से घायलों को तुरंत एंबुलेंस से अंबाजोगाई के स्वामी रामानंद तीर्थ ग्रामीण सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, हादसे में घायलों के नाम अभी तक नहीं मिल पाए हैं।

## कांग्रेस के बोलने का कोई मतलब नहीं है, लालू ने आईएनडीआईए के नेता के लिए ममता का किया समर्थन

**पटना, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने आईएनडीआईए के नेतृत्व के लिए ममता बनर्जी का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की आपत्ति का कोई मतलब नहीं है। हम ममता बनर्जी का समर्थन करेंगे। ममता बनर्जी को (आईएनडीआईए ब्लॉक) का नेतृत्व दिया जाना चाहिए। हम 2025 में फिर से सरकार बनाएंगे। लालू यादव से जब पूछा गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यात्रा पर जा रहे हैं तो इसपर जवाब देते हुए लालू यादव ने कहा कि वह यात्रा पर नहीं जा रहे हैं। वह आंक सेकने जा रहे हैं। वहीं लालू यादव ने 2025 में चुनाव जीतने का दावा भी कर दिया। शरद पवार ने भी ममता बनर्जी का समर्थन किया था। उन्होंने कहा था कि हां, निश्चित रूप से (वह गठबंधन का नेतृत्व करने में सक्षम हैं), वह इस देश की एक प्रमुख नेता हैं। उनमें वह क्षमता है। संसद में उनके द्वारा चुने गए नेता जिम्मेदार, कर्तव्यनिष्ठ और जागरूक लोग हैं।

इसलिए उन्हें ऐसा कहने का अधिकार है। मीडिया से बात करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने गठबंधन के नेतृत्व और समन्वय को लेकर निराशा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब इसका प्रबंधन करना उन लोगों पर निर्भर है जो इसका नेतृत्व कर रहे हैं। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं। मैं बस यही कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलने की जरूरत है।

## फिलीपींस में फटा ज्वालामुखी, 87 हजार लोगों को किया गया रेस्क्यू, कई उड़ानें रद



**मनीला।** फिलीपींस के कानलॉन ज्वालामुखी में सोमवार को भीषण विस्फोट हुआ। इस वजह से लगभग 87,000 लोगों को बाहर निकाला गया। इस विस्फोट से आसमान में हजारों मीटर तक राख का गुबार फैल गया। जिसे कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता है। फिलीपींस इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने चेतावनी स्तर को बढ़ा दिया है। संस्थान ने चेतावनी दी है कि विस्फोट शुरू हो गया है जो आगे बड़े विस्फोटों में बदल सकता है। ज्वालामुखी में थोड़ी देर के लिए विस्फोट हुआ था, जिसमें विशाल राख का ढेर और गैस और मलबे की अत्यधिक गर्म धाराएं पश्चिमी ढलानों से नीचे गिर रही थीं।

## नशे की हालत में था चालक, प्रत्यक्षदर्शी बोले- हादसे के बाद हंस रहा था ड्राइवर



**मुंबई, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मुंबई के कुर्ला बस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। करीब 43 अन्य लोग घायल हैं। मुंबई के कुर्ला में सोमवार रात को एसजी बारवे मार्ग पर एक बस चालक ने पैदल यात्रियों और वाहनों पर बस चढ़ा दी। चालक ने पुलिस जीप को भी टक्कर मारी। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक यह बस अंधेरी जा रही थी। बस चालक पर गैर-इरादतन हत्या समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। वहीं आशंका जताई जा रही है कि हादसा ब्रेक फेल होने की वजह से भी हो सकता है। बस ने जिन वाहनों को टक्कर मारी है, उनमें ऑटो रिक्शा, स्कूटर, बाइक, कार और पुलिस जीप शामिल हैं। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने मंगलवार को जानकारी दी है कि सोमवार को हुए भीषण हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 43 अन्य लोग घायल हैं। यह हादसा भीड़भाड़ वाले कुर्ला पश्चिम बाजार में रात करीब साढ़े नौ बजे हुआ। वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस (रूट नंबर ए-332) ने तेज रफ्तार के साथ एक पुलिस जीप समेत अन्य वाहनों को रौंद दिया। बस करीब 500 मीटर दूर जाकर रुकी। बीएमसी के मुताबिक कई लोगों की हालत गंभीर है।

प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक बस चालक की पहचान संजय मोरे के तौर पर हुई। वह नशे की हालत में था। इसी दौरान उसने बस से अपना नियंत्रण खो दिया और सड़क खड़े और चल रहे अन्य वाहनों को करीब 500 मीटर तक रौंदता चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसे के बाद आरोपी चालक हंस रहा था। मंगलवार सुबह हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें लोग अपनी जान बचाने की खातिर भागते दिख रहे हैं। घायलों को भाभा अस्पताल और अन्य क्लीनिकों में भर्ती कराया गया है।

## बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र समेत 3 को कोर्ट ने भेजा समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली कोर्ट ने गरम धरम ढाबा से जुड़े धोखाधड़ी मामले में बॉलीवुड



अभिनेता धर्मेंद्र और दो अन्य को समन जारी किया। समन दिल्ली के एक व्यवसायी द्वारा दायर शिकायत पर जारी किया गया है। जिसने गरम धरम ढाबा की फ्रेंचाइजी में निवेश करने का लालच देकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया था।

## यूपी में नूरी जामा मस्जिद पर चला योगी सरकार का बुलडोजर एसडीएम की अगुवाई में हुई कार्रवाई, भारी पुलिस बल तैनात

**फतेहपुर, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**



यूपी के फतेहपुर में नाला निर्माण में अतिक्रमण की जद में आए ललौली कस्बा के सदर बाजार स्थित नूरी जामा मस्जिद के पीछे के हिस्सा एडीएम अविनाश त्रिपाठी व एएसपी विजयशंकर मिश्र की मौजूदगी में मंगलवार सुबह तोड़ दिया गया। इस बीच पीएसी समेत भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा।

ललौली कस्बा के सदर बाजार स्थित नूरी जामा मस्जिद अतिक्रमण की जद में आने पर मस्जिद कमेटी को पीडब्ल्यूडी विभाग ने नाला निर्माण के लिए सर्वे के दौरान बीते 24 सितंबर 2024 को नोटिस दी थी। जिस पर मस्जिद कमेटी ने अतिक्रमण हटाने के लिए एक माह का समय मांगा था। इस सर्वे में 133 मकान व दुकानें भी अतिक्रमण की जद में आई थी।एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद मंगलवार को एडीएम व एएसपी की मौजूदगी में सुबह बुलडोजर से मस्जिद का पिछला हिस्सा ढहाया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से पीएसी व आरएएफ पुलिस बल के साथ राजस्व टीम भी मौजूद रही। एएसपी विजयशंकर मिश्र ने बताया कि शांति व्यवस्था कायम है, अतिक्रमण की जद में आई मस्जिद का पिछला हिस्सा तोड़ा जा रहा है। नूरी जामा मस्जिद कमेटी सचिव सेय्यद नूरी ने बताया कि नोटिस के खिलाफ उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट दायर कर दी थी जिसमें 13 दिसंबर को सुनवाई होनी थी लेकिन उसके पहले ही मस्जिद तोड़ दी गई जो कोर्ट की अवहेलना है। इससे पहले कानपुर में केडीए के दस्ते ने गंगागंज पनकी और शताब्दी नगर में भूखंड और सड़क पर बने अवैध कब्जे गिरा दिए। इस दौरान दस्ते ने 27 अवैध निर्माण गिराए और भूखंड की जगह में लगे पेड़ काटे। अपनी जगह बताकर कुछ लोगों ने विरोध किया और हरे पेड़ काटे जाने पर भी हंगामा किया। केडीए के अफसरों ने बताया कि वन विभाग की स्वीकृति है। वहीं, चेतावनी दी है कि एक बार कब्जा हटाने के बाद फिर से कब्जा करने वालों पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## हिंद महासागर में अब चीन की खैर नहीं! आईएनएस तुशिल भारतीय नौसेना में शामिल, दुश्मन को तबाह करने की खूबियों से लैस

**नईदिल्ली, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

रूस द्वारा निर्मित गाइडेड मिसाइल युद्धपोत आईएनएस तुशिल को सोमवार को भारतीय नौसेना में शामिल कर लिया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और अन्य वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों की उपस्थिति में इस जहाज को रूस के तटीय शहर कैलिनिनग्राद में भारतीय नौसेना को सौंपा गया।आईएनएस तुशिल के आने से हिंद महासागर में भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमता और ताकत जबर्दस्त ढंग से बढ़ेगी। पिछले कुछ वर्षों



में इस क्षेत्र में चीनी नौसेना के बढ़ते हमले देखे गए हैं। यह युद्धपोत मॉस्को के साथ वर्ष 2016 में दिल्ली द्वारा किए गए 250 करोड़ डॉलर के सौदे के तहत भारतीय नौसेना को मिलने वाले चार टोही युद्धपोतों में से एक है। सौदे के तहत दो युद्धपोतों का निर्माण रूस में किया जाएगा, जबकि अन्य दो को भारत में बनाया जाएगा। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि यह समुद्र में भारत की बढ़ती क्षमता का गौरवपूर्ण क्षण होने के साथ रूस के साथ दीर्घकालिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह जहाज रूसी और भारतीय उद्योगों के सहयोगात्मक कौशल का बड़ा सबूत है। भारत और रूस अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष खोज और आतंकरोधी क्षेत्रों में एक-दूसरे की विशेषज्ञता से लाभ लेते हुए सहयोग के एक नए दौर में पहुंचेंगे।

## ट्रंप की टीम में एक और भारतीय की एंट्री चंडीगढ़ की हरमीत ढिल्लों को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली 10 दिसम्बर।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टीम में भारतवंशी की धमक बढ़ती जा रही है। अब ट्रंप ने एक और भारतवंशी को अपनी नई कैबिनेट में बड़ी जिम्मेदारी दे दी है। ट्रंप ने भारतीय अमेरिकी वकील हरमीत के ढिल्लों को न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में नामित किया। डोनाल्ड ट्रंप ने इसको लेकर एक पोस्ट भी लिखा, उन्होंने कहा, मुझे अमेरिकी न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में हरमीत के ढिल्लों को नामित करते हुए खुशी हो रही है। अपने पूरे करियर के दौरान, हरमीत हमारी प्रतिष्ठित नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लगातार खड़ी रही हैं। हरमीत अमेरिका की टॉप वकीलों में से एक हैं।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से किसानों को मिल रही कई सुविधाएं

# पहले होना पड़ता था परेशान, अब धान बेचना हुआ आसान

कोरबा । किसान फूलसिंह, गोटीलाल, शिवनाथ सिंह जैसे अनेक किसानों को वह दिन आज भी याद है, जब धान बेचना होता था तब उपार्जन केंद्र तक धान को लाने और उसे तौल कराने किस तरह सुबह से शाम तक का समय वहीं के वहीं काटना पड़ता था। इस दौरान घंटो तक इंतजार करते-करते शाम से रात हो जाती थी। उपार्जन केंद्र में उन्हें पानी पीने के लिए मशक्कत तो करना ही पड़ता था। धूप में पसीने तक बहाने पड़ते थे। बैठने के लिए कोई जगह तो दूर की बात, कोई छांव तक की व्यवस्था नहीं रहती थीं। न ही शौचालय की व्यवस्था थी। धान को समय पर आसान तरीके से बेच पाना भी आसान नहीं था। बीते समय की अपेक्षा किसानों के हित में लिये गये फैसले ने धान बेचने की प्रक्रिया को सरल तो बनाया ही, किसानों को राहत पहुंचाने की दिशा में भी मददगार बना। इसी का परिणाम है कि धान उपार्जन केंद्र में किसान सिर्फ अपनी मेहनत की फसल बेचकर राहत महसूस नहीं कर रहे हैं, वे यहां आकर शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा की गई सुविधाओं का लाभ भी ले पा रहे हैं। अपने घरों से धान उपार्जन केंद्र तक धान लेकर आने वाले किसानों को खरीदी केंद्र में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए यहां विशेष व्यवस्था की गई है। किसानों के पीने के लिए पानी, बैठने के लिए कुर्सियों का इंतजाम, छायादार शेड और शौचालय तक की व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन टोकन कटाकर किसान अपनी सहूलियत अनुसार उपार्जन केंद्र पहुंच रहे हैं। माइक्रो एटीएम से पैसे आहरण की सुविधा ने किसानों को जरूरी कार्य के समय तत्काल पैसों के लिए बैंको के चक्कर काटने से भी मुक्ति दिला दी है।

राज्य सरकार इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.42 लाख नए किसान शामिल है। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 नवंबर से प्रारंभ है। प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की योजना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दिशा-निर्देशन में प्रदेश के सभी 2739 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की पारदर्शी धान खरीदी प्रक्रिया ने किसानों के जीवन में नई उम्मीद जगाई है। राज्य सरकार ने बारदाने, छाया, पेयजल, मेडिकल किट जैसी सभी आवश्यक सुविधाओं को धान खरीदी केंद्रों पर सुनिश्चित किया है। खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और कुशलता लाने के लिए ऑनलाइन टोकन प्रणाली लागू की गई है, जिससे किसानों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा। इसके साथ ही, नोडल अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण के कारण अब तक किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा है। धान बेचने के बाद किसानों को भुगतान में भी तेजी लाई गई है। दो दिनों के भीतर राशि उनके खातों में अंतरित हो रही है। इस पहल ने किसानों को बिचौलियों से मुक्ति दिलाई है और समय पर उनकी मेहनत का सही दाम सुनिश्चित किया है। कोरबा जिले में 65 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रो में किसानों के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों को धान खरीदी केंद्र में धान बेचने के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उनके निर्देशों के परिपालन में जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में समिति द्वारा किसानों के बैठने, पेयजल और शौचालय आदि की व्यवस्था की गई है। पाली ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम निरधि के धान उपार्जन केंद्र में धान बेचने आए किसान फूल सिंह, रामायण सिंह ने बताया कि हम किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं आई। यहां बैठने के लिए कुर्सी है। पीने के लिए पानी की भी व्यवस्था है। बतरा के किसान गोटीलाल ने बताया कि उन्हें धान खरीदी केंद्र में किसी प्रकार की समस्या नहीं आई। खरीदी केंद्र में किसानों के लिए पानी, शौचालय और बैठने की व्यवस्था की गई है। ग्राम डोड़की के किसान चरणसिंह ने बताया कि धान बेचने के लिए वह चैतमा के उपार्जन केंद्र में आया था, यहां किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। टोकन कटाने पहुंचे किसान शिवनाथ सिंह ने बताया कि किसानों के लिए धान खरीद केंद्र में पर्याप्त सुविधा दी गई है। किसानों का कहना है कि धान का सर्वाधिक मूल्य 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल मिलने के साथ ही किसानों को उपार्जन केंद्र में सुविधा देना यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय किसानों के लिए कितना संवेदनशील है। कोरिया जिले के ग्राम जमड़ी के किसान श्री सुरेश साहू और उनकी पत्नी ने कहा कि खरीदी केंद्रों में पहले से कुछ ज्यादा ही व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है। इससे किसानों को राहत मिली है।

नारायणपुर जिले के माहका धान खरीदी केंद्र पर धान बेचने आए किसान नंद कुमार शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए विष्णु सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि उनके पास 2 एकड़ खेत है, जिसमें उन्होंने इस साल 44 क्विंटल धान का उत्पादन किया। श्री शर्मा ने कहा कि इस बार समर्थन मूल्य पर धान बेचने की प्रक्रिया पहले से अधिक सरल और पारदर्शी है। ऑनलाइन टोकन प्रणाली से अब लंबी कतारों से बचाव हो रहा है। केंद्र पर व्यवस्थाओं और अधिकारियों के सहयोग से वे बेहद संतुष्ट हैं।





जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड के कोकियाखार की किसान धर्मश्वरी सरजाल ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हम सभी किसानों के लिए धान खरीदी केन्द्रों में बहुत बढ़िया सुविधा उपलब्ध कराई है। केन्द्र से उन्हें समय पर टोकन और बारदाना मिल गया था। धमतरी जिले के धान उपार्जन केन्द्र अछोटा में पहुंचे ग्राम जंवरगांव के किसान भीखूराम निषाद ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन टोकन कटाया था। अपने उपज का 58 क्विंटल 80 किलोग्राम धान बेचने के लिए खरीदी केन्द्र पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में प्रदाय की गई सुविधा के लिए प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद कर रहे हैं। जगदलपुर जिले के गरावंड खुर्द निवासी किसान महादेव बघेल और तुरेनार निवासी कृषक मनदेव अपनी खरीफ धान को बेचकर जहां खरीफ फसल ऋण को अदा करेंगे। वहीं घर की जरूरी कार्यों के लिए उपयोग करने की बात कही। उक्त दोनों कृषकों ने रबी फसल सीजन में मक्का और साग-सब्जी की खेती कर आय संवृद्धि करने का संकल्प दुहराया। इन दोनों किसानों ने सरकार की धान खरीदी व्यवस्था की सराहना करते हुए शीघ्र भुगतान के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया।

सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाइस के माध्यम से उपार्जन की व्यवस्था की गई है। छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गए धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जा रहा है। इसके लिए 7 नवंबर से ही टोकन आवेदन की व्यवस्था आरंभ कर दी गई है। खरीदी सीजन में लघु एवं सीमांत कृषकों को अधिकतम 2 टोकन एवं बड़े कृषकों को 3 टोकन की पात्रता है।

## हम खुश है कि हम और हमारे बच्चे पक्के आवास में रहेंगे

### बिरहोर श्यामलाल और सुनिता को मिला पीएम आवास





कुछ दिनों बाद नए घर में होंगे शिफ्ट

कोरबा । विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय से आने वाले श्यामलाल का कहना है कि हम पांच पीढ़ी से यहां रह रहे हैं। गरीबी इतनी थी कि कभी इतना पैसा भी नहीं जोड़ पाये कि अपने कच्चे घर को पक्का बना लें। मिट्टी का ही घर था, और इसी घर में हमारी कई पीढ़ी आई और चली गई। हम लोग भी बचपन से लेकर अभी तक इस कच्चे मकान में रह रहे हैं। कच्चे मकान में गुनाह तो नहीं, लेकिन यह भी सच है कि इन मकानों में आये दिन कई मुसीबत मोल लेकर रहना पड़ता है। बारिश के समय तो कच्चे घरों में मानों मुसीबत का पहाड़ ही टूट कर गिरता है। खपरैल से पानी की धार घर पर गिरती है। कपड़े से लेकर अन्य जरूरी सामानों को भिगाने के साथ हमारे बैठने-सोने की जगह को बर्बाद कर देती है। गरज-चमक के बीच घर में ही कैद होकर रहना पड़ता है और तेज बारिश में उखड़ती दीवारें हमारी धड़कनों को बढ़ाने के साथ हमें डर, सहम कर रहने विवश करता है। हमें खुशी है कि अभी तक हमने और हमारी माता-पिता सहित दादा-दादी ने यह मुसीबतें सहीं, लेकिन आने वाली पीढ़ी कच्चे मकानों में नहीं रहेंगी। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से मिले पीएमजनमन आवास में खुशियों के साथ बिना किसी डर और मुसीबत के रहने का मौका मिलेगा।

कोरबा जिले के पाली ब्लॉक के अंतर्गत डूमरकछार निवासी पीवीटीजी श्यामलाल बिरहोर समाज से आते हैं। इन्होंने बताया कि हमारी आर्थिक स्थिति ऐसी है कि पक्के आवास का सपना हमारे लिए महज सपना ही है। हमारा जो कच्चा मकान है वही ठीक-ठाक नहीं है, ऐसे में पक्के मकान बनाने की सोंच भी नहीं सकते थे। श्याम लाल ने बताया कि घर पर उनकी पत्नी, बच्चे और बूढ़ी मां रहती है। वे पारम्परिक रूप से बांस लाकर टोकरी, सूपा आदि सामग्री बनाकर उसे बेचने का काम करते हैं। कुछ खेती है, उस पर धान की फसल उगाते हैं। उनकी अर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं है कि वे इतना पैसा कमा कर जोड़ सके कि पक्का घर बन पाए। उन्होंने बताया कि अभी तक की जिंदगी झोपड़ी में ही बीत गई।

धन्य है देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का, जिन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति समाज की सुध ली और पीएम जनमन अंतर्गत हम जैसे अति गरीब परिवारों को पक्का आवास बनाकर दिया। उन्होंने बताया कि पक्का आवास बनकर तैयार है और जल्दी ही संपूर्ण कार्य पूर्ण होने के साथ ही वे अपने नये घरों में शिफ्ट होंगे। बिरहोर श्यामलाल का कहना है कि कच्चे घरों में जो बारिश के दिनों की तकलीफें है वह आने वाली पीढ़ी को नहीं भुगतनी पड़ेगी। उनके बच्चे और नाती पक्के घर में बेफिक्र होकर आराम से रह पायेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में सरकार बनते ही 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी देते हुए हितग्राहियों के खाते में राशि जारी की। राशि खाते में आते ही हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। खास बात यह भी है कि देश के प्रधानमंत्री ने पीएम जनमन योजना से पीवीटीजी परिवारों को विकास से जोड़ते हुए इनके बसाहटो तक सड़क, इनके लिए आवास सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने की पहल की है।

## बांयीं तट नहर की दायीं ओर सड़क और अग्रसेन तिराहा के पास बनेगा पुल

कोरबा । पावर हाउस रोड पर सुनालिया नहर पुल के पास यातायात का दबाव बढ़ता ही जा रहा है। इसे कम करने बायीं तट नहर के दायीं ओर लायंस उद्यान से राताखार नहर पुल तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह अग्रसेन तिराहा के पास नहर में पुल का निर्माण भी होगा। दोनों की अनुमानित लागत करीब 9 करोड़ रुपए होगी। यह सड़क डी.डी.एम रोड से जुड़ जाएगी। इसके साथ ही संजय नगर के पास अंडरब्रिज निर्माण के समय सड़क को वन-वे करने की तैयारी है। सुनालिया चौराहे पर रोज जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसके आगे संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण करने की मंजूरी मिल चुकी है। निर्माण शुरू होने के बाद चौराहे पर यातायात का दबाव और बढ़ जाएगा। इसकी वजह से वैकल्पिक मार्ग के लिए सर्वे किया गया है। सुनालिया चौक से दर्री रोड तक पहले से ही नहर किनारे सड़क बनी हुई है। यह सड़क ओवरब्रिज को जोड़ती है। अब नहर के दूसरे छोर पर दायीं ओर भी सड़क का निर्माण कराया

## जरूरत के वक्त महतारी वंदन योजना की राशि आती है काम

### सहेतरीन बाई को हर माह मिलता है एक हजार



कोरबा । विधवा सहेतरीन बाई को अपने खर्च के लिए हर महीने पैसे की कमी पड़ती थी। पहले उम्र रहने पर वह किसी तरह हाजिरी-मजदूरी का काम करके कुछ पैसे का बंदोबस्त कर लिया करती थी, अब अधिक उम्र होने की वजह से वह चाहकर भी कही काम नहीं कर पाती, ऐसी परिस्थितियों में महतारी वंदन योजना से मिल रही एक हजार की राशि उनके घर की अनेक जरूरतों को पूरा करती है।

करतला विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम कोथारी की रहने वाले सहेतरीन बाई ने बताया कि उनके लिए एक हजार की राशि बड़ी राशि है। उसके पास आमदनी का और कोई जरिया नहीं है। आजकल जरूरत के समय कोई सौ रूपये भी नहीं देता, ऐसे में एक हजार रूपये प्रतिमाह खाते में डालकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय हम जैसी गरीब महिलाओं के प्रति बड़ा उपकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह राशि हर महीने समय पर उनके खाते में जमा हो जाती है। इस पैसे से वह घर में साग-सब्जी सहित अन्य जरूरी सामान खरीद पाती है। सहेतरीन बाई ने बताया कि उनका राशनकार्ड भी बना हुआ है। इससे भी उन्हें बहुत मदद मिल जाती है। अपने घर पर जल जीवन मिशन से नल लग जाने पर खुशी जताते हुए वह कहती है कि पानी की समस्यष सबसे बड़ी समस्या है, वह भी दूर हो रही है और ग्रामीणों को घर पर ही पानी मिल रहा है।

## हरित और प्रदूषण मुक्त कोरबा बनाने का है लक्ष्य, सबको लेनी होगी जिम्मेदारी : आशुतोष

### प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में पत्रकारों से हुए रूबरू

कोरबा। नगर पालिका निगम, कोरबा के आयुक्त आशुतोष पांडे सोमवार को प्रेस से मिलिये कार्यक्रम में शामिल होने टीपी नगर स्थित तिलक भवन पहुंचे। इस दौरान जिले के पत्रकारों रूबरू हुए और कोरबा शहर के विकास को लेकर अपना विजन व रोडमैप सामने रखा। यह भी कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में आईएएस अवार्ड होने की खुशखबरी भी कोरबा की धरती पर ही प्राप्त हुई। इसलिए कोरबा जिला सदैव खास रहेगा, नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे अपने अनुभव साझा करते हुए यह बताया कि 2008 में वह राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बने। इसके पहले वह पत्रकार के तौर पर सक्रिय पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हुए थे। गुरु घसीदास विश्वविद्यालय से जनसंपर्क व पत्रकारिता में डिग्री लेने के बाद राष्ट्रीय अखबार से पत्रकारिता के करियर की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हमेशा मुझे लगता था कि कभी भी अपने सभी सेब एक बक्से में मत रखो। 2008 में मुझे एक रास्ता तय करना था। उस समय मीडिया जगत प्रिंट से इलेट्रॉनिक में शिफ्ट हो रही थी। सनसनी और सबसे तेज़ खबर देने का दौर था।

जब पत्रकारिता की नौकरी के लिए इंटरव्यू दिया। तब ऐसे सवाल पूछे गए जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के थे।

आमतौर पर छत्तीसगढ़ के एक लड़के के पास इन सब सवालों का जवाब नहीं होता, लेकिन चुंकि मैं सिविल सेवा की तैयारी कर रहा था। इसलिए उन सभी सवालों के जवाब दे पाया। इंटरव्यू लेने वाले अधिकारियों ने कहा कि अब वह सब भूल जाओ काम सुबह 9:00 बजे शुरू हो जाएगा। रात के 3:00 बजे तुम घर जा पाओगे और ?6000 महीने की तनख्वाह मिलेगी। काम कर पाओगे, मैंने हामी भरी और काम शुरू किया। जब मेरा प्री क्लियर हो गया तब दिवाकर मुक्तिबोध ने मुझे सलाह दी कि तुम्हें ईश्वर में एक अवसर दिया है। इसका उपयोग करो। इसके बाद मेरा मेंस क्लियर हुआ और मैं अधिकारी बन गया। जीवन में ऐसे बहुत कम लोग होते हैं, जो आपको सही समय पर सही सलाह दें। उन्होंने मुझे यह भी कहा था कि यदि सिविल सेवा में असफल हो जाओगे, तब भी संस्थान के दरवाजे तुम्हारे लिए हमेशा खुले रहेंगे। किसी प्राइवेट संस्था में ऐसा आश्वासन मिलन तब काफी बड़ी बात हुआ करती थी। जब मेरा सिलेक्शन हुआ, वापस उनके पास गया तब मेरी आंखें नम थी। सरकारी व्यवस्था आने के बाद असरकारी हो पाना बड़ा मुश्किल हो जाता है। खुद को बंधन में रखना पड़ता है, सभी बातें हम जाहिर नहीं कर सकते। बड़ा ही व्यवस्थित रहना पड़ता है। आप खुलकर अपने विचार कहीं भी व्यक्त नहीं कर सकते। हम सारा काम प्रतिनिधियों के आदेश और निर्देश पर करते हैं।

किसी भी सरकारी अधिकारी को यह बात कभी नहीं भूलनी चाहिए।

## अपने स्कूल के आसपास, शिक्षकों को मिलेगी आवास

कोरबा । जिले के दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक अक्सर आवास के लिए जूझते हैं। आवास नहीं होने की वजह से वे या तो कई किलोमीटर दूर तक सफर कर स्कूल पहुंचते हैं या फिर मजबूरी में स्कूल के आसपास किसी तंग कमरे में अथवा किराए में रहते हैं। स्कूल के आसपास कमरा नहीं मिलने पर लंबी दूरी तय कर विद्यालय पहुंचने से शिक्षकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है। शारीरिक थकावट के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। थके हुए हालातों में उनका मन भी विद्यार्थियों को ठीक से पढ़ाने में नहीं लगता। कुछ इसी तरह की शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने की पहल कोरबा जिले में की जा रही है। अनुसूचित जिले में शिक्षा के महत्व को ध्यान रखकर जिले के कलेक्टरअजीत वसंत द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों के आसपास डीएमएफ से 20 रेसिडेंशियल हॉस्टल (शिक्षक आवास) स्वीकृत किए हैं।

## सही सलाह और साहसिक निर्णय: ललिता की आँखों की समस्या पर विजयं



कोरबा। सही सलाह और सही समय पर लिया गया निर्णय जीवन को बेहतर बना सकता है। आज मैं अपने जीवन में खुश और संतुष्ट हूँ, और मैं चाहती हूँ कि मेरी जैसी महिलाएं भी कभी हिम्मत न हारें और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।

ये कहना है विकासखण्ड करतला के ग्राम सिनमार की रहने वाली श्रीमती ललिता बाई का। जिन्होंने धुंधली दृष्टि से निजात पाने मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराकर अपने जीवन को आसान और खुशहाल बनाया है।

ललिता का मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने का निर्णय उसके जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ, क्योंकि इसके बाद उसे ऑपरेशन के बारे में पूरी जानकारी मिली और उसकी आँखों की समस्या का समाधान हो सका।

ललिता बताती है कि उसके जीवन में एक समय ऐसा भी आया जब उसे अपनी आँखों से कुछ भी ठीक से दिखाई नहीं देता था। उसकी यह समस्या इतनी बढ़ गई थी कि उसे घरेलू कामकाज करने में काफी परेशानी होने लगी थी। वह दीवार का सहारा लेकर घर का काम करती थी। दिन-प्रतिदिन उसकी यह समस्या उसके लिए और भी कठिन होती जा रही थी। ललिता ने बताया कि गर्भवती होने के बावजूद उसे इस बात की चिंता सता रही थी कि प्रसव के बाद वह अपने बच्चे की देखभाल कैसे करेगी, अगर उसकी आँखों की समस्या और बढ़ गई तो क्या होगा। उसकी धुंधली दृष्टि के कारण उसे घर के कामकाज में भी कठिनाई हो रही थी। वह दीवार पकड़कर चलती थी, और यह सोचकर बहुत परेशान रहती थी कि अगर उसकी आँखों की हालत और बिगड़ गई, तो उसे अपने बच्चे की देखभाल में कठिनाई होगी।

## डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक 11 दिसम्बर को

कोरबा। मार्गदर्शी बैंक योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग की अध्यक्षता में 11 दिसम्बर 2024 को शाम 05 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 की उपलब्धि पर चर्चा, एनआरएलएम, एनयूएलएम, अंत्योदय व आदिवासी स्वरोजगार योजना, पीएमईजीपी और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर चर्चा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जन-धन योजना, पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति, आरसेटी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण पर चर्चा एवं पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड पर भी चर्चा की जाएगी।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की बैठक हुई आयोजित



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित कर लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे त्वरित और पारदर्शी तरीके से लंबित मामलों का समाधान करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब न हो, साथ ही लंबित प्रकरणों का तत्काल समीक्षा कर समाधान किया जाए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से प्रकरणों का निपटान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने की बात कही। जिससे लोगों को राहत मिल सके और प्रशासन की छवि मजबूत हो। कलेक्टर ने अधिकारियों से कार्यों की समीक्षा और निगरानी की प्रक्रिया को दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया, ताकि कोई भी प्रकरण अनावश्यक लंबित न रहे। राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदार को धान खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को धान विक्रय में कोई असुविधा न हो और केंद्रों में कोचिए बिचौलियों के अवैध धान आवक पर भी नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर धान की फसल लेने वालों की विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए धान की जब्ती करने का निर्देश दिया। बैठक में कलेक्टर ने भू अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए हरदीबाजार, इमलीछापर, पाली सिल्ली में भू अर्जन के प्रकरण में शीघ्रता से अवार्ड पारित करने के निर्देश दिए। साथ ही कोरबा नगर के सुनालिया नहर अंडरब्रिज निर्माण में भू व्यवस्थापन के प्रभावितों को 1 सप्ताह के भीतर मुआवजा वितरित करने हेतु एसडीएम को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण और बंटवारा के प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए अविवादित नामांतरण और बंटवारा के मामलों का आवेदन दर्ज होने के 45 दिनों के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए साथ ही विवादित नामांतरण और बंटवारा के मामलों का निराकरण 3 महीने के भीतर करने हेतु राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने भूमि व्यपवर्तन और वृक्ष कटाई के प्रकरणों का भी समय सीमा के भीतर समाधान करने की बात कही। ई-कोर्ट से संबंधित मामलों में उन्होंने शून्य आदेश वाले प्रकरणो को सभी राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों को अपडेट करने और पेशी की तारीखों को समयबद्ध रूप से अद्यतन करने का निर्देश दिया। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि ई कोर्ट में 1 वर्ष से अधिक समय से कोई राजस्व प्रकरण लंबित न रहे। नक्शा बटांकन के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उन्होंने अपेक्षाकृत कम उपलब्धि वाले तहसीलों को नक्शा बटांकन कार्य 70 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिए।



## जनदर्शन में सुनी गई आम नागरिकों की समस्या

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में आज संयुक्त कलेक्टर कौशल तेन्दुलकर ने जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदन पत्रों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निराकृत करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज स्वास्थ्य उपचार, प्रधानमंत्री आवास, आर्थिक सहायता, बेजा कब्जा हटाने, अतिक्रमण की शिकायत, आदि के संबंध में कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए।

## राजीव उत्थान योजना के अंतर्गत लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल परीक्षा की कोचिंग हेतु आवेदन पत्र 23 दिसंबर तक आमंत्रित

कोरबा । राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के भाग (बी) के समान छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी जिला बिलासपुर में कराने हेतु निजी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र संभागीय मुख्यालय के कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला बिलासपुर में 23 दिसंबर 2024 सायं 4 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट ट्रायबल डाट सीजी डाट जीओव्ही डाट इन से डाउनलोड कर अवलोकन किया जा सकता है। इस परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी यथा पात्र अभ्यर्थी, परीक्षा केन्द्र, परीक्षा परिणाम आदि सूचना विभाग वेबसाइट से अभ्यर्थी प्राप्त करेंगे।

# सविधान सबके हैं सबके केलिए रहेगा:डॉ चरण दास महन्त





**सक्ती।** संविधान की मूल भावना को बदलने का प्रयास किया जा रहा अखण्ड संविधान को बदलनेतोडने का काम रही हैं केंद्र सरकार संविधान सबके लिए है सबके लिये रहेगा ।

उक्त विचार जिला कॉग्रेस कमेटी सकती द्वारा आयोजित कार्यक्रम संविधान और समानता की लडाई के विषय पर आधारित कार्यशाला में विधायक एवँ नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त नेसामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही डॉ महंत ने कहा कि सनातन धर्म की परिभाषा सिखाने वाले हम सब एक कहने वाले आज भारत को तोड़ने का काम कर रहे है मन्दिर मस्जिद की लड़ाई में सबको उलझा कर रख दिया है पुर्व मंत्री पूर्व विधायक नोवेल वर्मा ने कहा कि बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने संविधान में सभी वर्गों को समानता का अधिकार दिया है लेकिन अब उसी संविधान को बदलकर लोगों को उनके संवैधानिक अधिकार को बदलने का प्रयास हो रहा है जिला युवा कॉग्रेस के अध्यक्ष विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि भाजपा अलग अलग समुदाय बनाकर हमेशा समाज को तोड़ने का काम करती हैं शिक्षा स्वास्थ्य का बुरा है चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई के नारे में रास्ट्रीय एकता को अब भाजपा बदलने का प्रयास कर रही बाबा साहब के कानून के कारण दबे कुचले लोगो को जीवन स्तर ऊपर हो रहा था संविधान की आड़ में मंदिर मस्जिद की लड़ाई में लगे हैं जिले के प्रभारी पूर्व विधायक यू डी मिज ने कहा कि कॉग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिये अब देश के बड़े नेता राहुल गांधी कॉग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मार्ग दर्शन में हम सब संविधान की रक्षा करने लड़ाई लड़ेंगें कार्यक्रम में जिला किसान कॉग्रेस के अध्यक्ष साधेश्वर गवेल महबूब खान राईस किंग खूंटे जगेश्वर सिंह राज अलका जायसवाल एन एस यू आई अध्यक्ष मयंक स्वर्णकार जिला कॉग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल ने संबोधित किया कार्यक्रम में सकती जिले के कॉग्रेस कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही जिसमें प्रमुख रूप से गुलज़ार सिंह श्याम सुंदर अग्रवाल नरेश गेवाडीन घनश्याम पांडेय आनद अग्रवाल सरवन सिंह सिदार गिरधर जायसवाल पिंटू ठाकुर अमित राठौर राजीव जायसवाल रोहित यादव उमेश यादव अशोक यादव हीरा साय यादव सम्मे लाल गवेल संतोष लाला सोनी, टिका राम कुर्रे, कन्हैया कवर, रविन्द्र शर्मा, परस यादव, कुसुमलता अजगले,सहस राम कर्ष रूप नारायण साहू, बंशी खांडे, रवि गवेल, श्याम कश्यप,शाश्वत धर दिवान, राकेश महन्त, रथ राम,भुरू अग्रवाल, नवरत्न वैष्णव, रामेश्वर बरेठ,देवेंद्र सिदार राजेश भर्गव, राम आधार जायसवाल, घनश्याम देवांगन, रामसजीवन देवांगन,गौरीशंकर यादव, बलराम पांडे, सरोज डड़सेना विजया जायसवाल, कौशिल्या कमलेश,चान्दनी सहिस, सहित जिले भर से कॉग्रेस नेताओं की उपस्थिति रही कार्यक्रम के पूर्व बाबा भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया



## जेल निरीक्षण समिति द्वारा जिला जेल खोखरा और उपजेल सक्ती का किया गया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा ।** सर्वोच्च न्यायालय के मार्ग दर्शन के अनुक्रम में जेलों में निरूद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए जिला जेल खोखरा एवं उप जेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिये गये। जहां विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर की श्रेणी अंतर्गत कोई बंदी नहीं पाया गया। कुछ बंदियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके निवास स्थान में बच्चों का पालन-पोषण एवं देखरेख करने हेतु कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। ऐसे बंदियों के बच्चों की सूची तैयार की गई, जिसे बाल कल्याण समिति के माध्यम से संस्थागत संरक्षण प्रदान किया जावेगा।

जेल अधीक्षकों को निरीक्षण समिति द्वारा अवगत कराया गया कि जेलों में प्रवेश देते समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत होने की स्थिति में या उम्र के प्रति संदेहास्पद होने के स्थिति में समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जावे ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात किशोरों को संप्रेषण गृह में भेजे जाने की कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्य गजेन्द्र सिंह जायसवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती पूजा तिवारी संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख), सम्मे सिंह कंवर, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.), जिला जेल खोखरा के अधीक्षक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मिल के रोशनदान से गिरा सुपरवाइजर, हो गई मौत


**चांपा।** मड़वा स्थित शौर्य रीसाइकलिंग प्राइवेट लिमिटेड मिल में रविवार को काम करते समय रोशनदान से गिर कर सुपरवाइजर की मौत हो गई है। रविवार को मिल में कन्वेयर लगाने का काम चल रहा था। इसमें मजदूर काम कर रहे थे। चांपा निवासी सुपरवाइजर मो. आसिफ(25) पिता मो.असरफ खान काम की निगरानी करने के लिए ऊपर चढ़ा हुआ था। शेड के पास लगी रोशनदान के पास उसका संतुलन बिगड़ गया। इससे वह ऊंचाई से गिर गया। सिर के बल गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे चाम्पा के निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। वहां डॉक्टर के जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उसे शासकीय अस्पताल चाम्पा लाया गया।

## खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फटने से ग्रामीण दंपती झुलसे

**बिलासपुर।** खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फटने से ग्रामीण दंपती बुरी तरह से झुलस गए। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र के ग्राम डोडकी की है। यहां खाना बनाते समय अचानक गैस लीक होने से सिलेंडर फट गया। इससे दंपती गंभीर रूप से झुलस गए। महिला का चेहरा पूरी तरह से झुलस गया था। वहीं उसके पति का हाथ व पैर चपेट में आया। दोनों को सिम्स में भर्ती कराया गया है।

## जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

**जांजगीर-चांपा ।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों एवं विभागीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधानसभा नारायण चंदेल, पूर्व विधायक सौरभ सिंह, गुलाब सिंह चंदेल, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, डीएफओ श्रीमती प्रियंका पांडेय, सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी मंत्री चौधरी ने कहा कि जिले का विकास हमारी प्राथमिकता है। नए निर्माण कार्यों से न केवल रोजगार के अवसर पैदा होंगे बल्कि जिले का बुनियादी ढांचा भी मजबूत होगा। साथ ही नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे शीघ्र ही अपने-अपने विभागों के तहत आने वाले निर्माण कार्यों और रखरखाव के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर भेजने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्पोर्ट्स, पर्यावरण, सौंदर्यीकरण, सड़क, शहरी विकास, रोजगार आदि से जुड़े प्रोजेक्ट चिन्हांकित करें और इन्हें बजट में शामिल कराते हुए कार्ययोजना बनाकर पूर्ण कराएं। बैठक में श्री चौधरी ने जिले में नये सड़क, पुल, नहर के निर्माण, मरम्मत एवं चौड़करण कार्यो के संबंध में शीघ्र प्रस्ताव बनाकर भेजने कहा। उन्होंने रेशम विभाग के अधिकारियों को सेरीकल्चर कालेज को एक राष्ट्रीय स्तर की अग्रणी संस्था के रूप में स्थापित करने प्रस्ताव एवं कार्ययोजना बनाने कहा। जिससे सेरीकल्चर क्षेत्र में विकास के साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि कोटमीसोनार में अग्रणी पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए कार्ययोजना बनाने कहा। जिससे पर्यटको को मूलभूत सुविधा मिलेगी व रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।



## 16 साल में 40 मगरमच्छ को राजेश ने पहुंचाया क्रोकोडाइल पार्क

**अकलतरा।** कोटमीसोनार निवासी राजेश कुमार मल्होत्रा निस्वार्थ भाव से गांवों के तालाबों से निकले मगरमच्छ को क्रोकोडायल पार्क में शिफ्ट कर रहा है। यह सिलसिला पिछले 16 साल से जारी है। अब तक वे 40 से अधिक मगरमच्छों को पार्क में शिफ्ट कर चुके हैं। कोटमीसोनार में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल क्रोकोडाइल पार्क की नींव तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और तत्कालीन कलेक्टर सोनमणि बोरा ने रखी थी। 2008 में क्रोकोडाइल पार्क का लोकार्पण होने के बाद गांव के विभिन्न तालाबों में स्थित मगरमच्छों को पकड़ने के लिए गांव के युवकों को प्रशिक्षण चेन्नई स्थित क्रोकोडाइल पार्क से दिलाया गया। उन्होंने गांव के विभिन्न तालाबों से मगरमच्छों को क्रोकोडाइल पार्क में शिफ्ट किया। उस समय वन विभाग मगरमच्छों को पकड़ने पर युवकों को प्रोत्साहन राशि देता था।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में छात्र- छात्राओं को करवाया योगाभ्यास

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में स्कूल के छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास करवाया गया। सुबह 8 से 9 बजे तक स्कूली बच्चों को योगाचार्य राजेश्वर कश्यप ने व्यायाम व प्राणायाम करवाया। योगाचार्य ने कहा कि योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है। यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। हृदय रोग, मधुमेह और अस्थमा जैसी कई अन्य बीमारियों के लिए योग की सलाह दी जाती है।

# लक्ष्य की प्राप्ति हेतु संघर्ष करें, परंतु इंसानियत को न भूले अधिकारी

## लायंस इंग्लिश स्कूल में वार्षिक खेल समारोह का हुआ शुभारंभ



**चांपा।** स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में सोमवार 09 दिसंबर को दोपहर 11 बजे तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह का शुभारंभ सहायक कलेक्टर माननीय श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समारोह में लायंस क्लब अध्यक्ष रामप्रपन्न देवांगन, लायंस शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के. पी. राठौर, लायंस क्लब सचिव लायन संतोष कुमार सोनी, लायंस क्लब शिक्षण समिति के सचिव लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा एवं खेल प्रभारी लायन सी.ए. सुरेश अग्रवाल के अलावा लायंस पदाधिकारी भी मंचस्थ थे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने कहा कि वार्षिक खेल समारोह के आयोजन से शाला के विद्यार्थियों में छिपी खेल प्रतिभा को सामने आने का अवसर मिलता है। उन्होंने अपने उ?द्बोधन में कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए संघर्ष करें परंतु इंसानियत को कभी न भूले। लोग अपनी सफलता पर तो सभी खुशी मनाते है परंतु दूसरों की सफलता पर जो खुश होते है वही सच्ची इंसानियत है।

समारोह को इसके अलावा लायंस शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, लायंस क्लब अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन तथा खेल प्रभारी लायन सी. ए. सुरेश अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए विद्यार्थियों से अपनी पूरी क्षमता के साथ उत्त्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आग्रह किया।

समारोह में सर्वप्रथम अतिथियों ने मंचासीन होने के पश्चात् विद्या की देवी माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेट कर किया गया। स्कूल की प्राचार्य श्रीमति अजिता व्ही. के. ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने स्कूल ध्वज फहराकर वार्षिक खेल समारोह का शुभारंभ किया इसके बाद स्कूल के हेड ब्वाय, हेड गर्ल सहित सभी हाउस प्रीफेक्ट एवं समस्त खिलाड़ियों ने शपथ ली। स्कूल के क्रीड़ा प्रभारी शिक्षक ओ. पी. पाण्डेय ने खेल समारोह के

संबंध में जानकारी प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्य अतिथि ने खेल मशाल प्रज्जवलित की। इसके पश्चात उन्होंने खेल समारोह प्रारंभ करने की घोषणा की। अंत में राष्ट्रगान के साथ ही तीन दिवसीय खेल समारोह प्रारंभ हुआ। स्कूल के तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा वॉलीबाल, थ्रोबाल, खो-खो, शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस, 100मी. दौड़ एवं बैडमिंटन आदि खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जायेगा।

खेल समारोह का संचालन शिक्षिका जया अग्रवाल ने तथा अंत में आभार प्रदर्शन शिक्षक डी. पी. तिवारी ने किया। समारोह में लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायन संतोष कुमार सोनी, लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा, लायन लायन डॉ. के. पी. राठौर, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन डॉ. व्ही. एन. बिरथरे, लायन वासुदेव देवांगन, सहित बड़ी संख्या में स्कूल स्टाफ तथा छात्र-छात्राएँ मौजूद थे।

## जुआ के फड़ पर पुलिस की दबिश, 12 जुआड़ी गिरफ्तार, वाहन समेत नगदी रकम जप्त

**चांपा।** विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन पर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जांजगीर पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में SDOP चाम्पा यदुमणि सिदार के मार्ग दर्शन में दिनांक 08.12.24 को मुखबिर सूचना मिला कि थाना चांपा क्षेत्र के हनुमान धारा में कुछ लोग रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं की सूचना पर उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र खूंटे के नेतृत्व में निरीक्षक डॉ. नरेश पटेल थाना चांपा प्रभारी एवं सायबर टीम प्रभारी पारस पटेल की संयुक्त टीम द्वारा रेड कार्यवाही कर 12 जुवाड़ीयो को जुआ खेलते हुए पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा (2) के तहत कार्यवाही किया गया।

**ये हैं आरोपियों के नाम**

विक्रम दास निवासी बिरगहनी चौक बिरगहनी चांपा,लक्ष्मीदास महंत निवासी भोजपुर भाठापारा चाम्पा,मनीष हन्सेलिया निवासी राधाकृष्ण मंदिर के पास जांजगीर, उमाशंकर यादव निवासी शारदा मंगलम के पीछे, जांजगीर,फैजल खान निवासी तहसील रोड चांपा, शैलेश देवांगन निवासी बेरियर चौक चांपा,सुशील बरेठ निवासी सुकली थाना जांजगीर, आकाश सहिस निवासी बेरियर चौक चांपा, इरशाद अहमद निवासी मस्जिद मोहल्ला चापा,दंगेश्वर देवांगन निवासी संजय नगर चांपा, सतीश यादव निवासी राधाकृष्ण मंदिर के पास जांजगीर, विकास पात्रे निवासी लछनपुर थाना जांजगीर।

## विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

**सक्ती।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के आदेशानुसार तथा कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में दिनांक 09/12/2024 दिन- सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्दौरकला में विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में लोकगीत, लोकनृत्य, कहानी लेखन, चित्रकला, निबंध लेखन, रंगोली, विज्ञान मेला, रॉक बैंड, हस्तशिल्प, आदि में शासन द्वारा आयोजन में 15 वर्ष से 29 वर्ष तक के विभिन्न स्कूलों के युवाओं को शामिल किया गया। आयोजन में राजेश राठौर अध्यक्ष जनपद पंचायत सक्ति, टिकेश्वर गबेल जिला पंचायत सदस्य,रामनरेश यादव, प्रीति पवार मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सक्ति, के पी राठौर खंड शिक्षा अधिकारी, संतोष सोनी लेखाधिकारी, राजकुमार रात्रे वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, अविनाश राजपूत, आकांक्षा सिंह कार्यक्रम अधिकारी,सहित अधिकारी कर्मचारी सहित अधिक संख्या में ग्रामवासी व स्कूली छात्र छात्राये उपस्थित थे।



## दो बाइक टकराई, ढाई साल के बच्चे की मौत

**धौराभांठा।** बिजना और खुरुसलेंगा के बीच दो बाइक की टक्कर हो गई। घटना में ढाई साल के मासूम की मौत हो गई। बच्चे का पिता परदेस गया है। इसलिए शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका है। शव को मर्चूरी में रखा गया है। जानकारी के अनुसार 7 दिसम्बर की सुबह बिजना के पूर्णचंद सिदार अपने ढाई साल के पोते अंशु सिदार को बाइक में बिठा कर खुरुसलेंगा जाने के लिए निकला था। गांव से कुछ आगे पहुंचा था, तभी खुरुसलेंगा की ओर से एक बाइक में दो नाबालिग आ रहे थे।

## एसपी से न्याय की गुहार: गुंडागर्दी करने वालों पर नहीं हुई कार्रवाई

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र में बंधक बनाकर मारपीट करने की शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित ने न्याय की गुहार एसपी से लगाई है। पीड़ित रोमेश साहू वृद्ध मां, पत्नी व बच्चे के साथ एसपी को ज्ञापन देने पहुंचा। उन्होंने शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं होने बात पुलिस अधीक्षक से कही। बताया कि धमकी से पूरे परिवार में दहशत में है। कहा, पूरा परिवार सदमे में सुसाइड कर सकता है। उसने एसपी दिव्यांग पटेल से कहा कि बंटी साहू उर्फ रावण के खिलाफ जूटमिल थाने में बंधक बनाकर मारपीट करने की शिकायत की थी। इस तरह बंटी क्षेत्र में दहशत फैलाने लोगों को बंधक बनाकर मार रहा है। इससे दहशत का माहौल है। शिकायत करने के बाद भी आदतन अपराधी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। दरअसल बंटी आदतन बदमाश है। उस पर ठगी का भी मामला दर्ज है। प्रदेश के अन्य थानों में इसके खिलाफ शिकायत भी दर्ज है। जिला बदर की कार्रवाई भी की जा चुकी है।


**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा छ.ग.**

क्रमांक/डी.एम.एफ./2024/12113 कोरबा दिनांक : 06.12.2024

**सूचना**

कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक/डी.एम.एफ./2024/7058, कोरबा, दिनांक 02.07.2024 द्वारा जिला खनिज न्यास मद से दंत चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती हेतु विज्ञापित पद पर प्राप्त आवेदन के आधार पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला पद की पात्र/अपात्र की सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट www.korba.gov.in में सर्व संबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपत्ति हेतु अपलोड़ कर दिया गया है। सूची के समस्त कॉलमों का उम्मीदवारों द्वारा सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 23.12.2024 समय 5:00 बजे तक मय आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा। निर्धारित समय पर प्राप्त दावा आपत्ति का नियमानुसार निराकरण कर पृथक से दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं पात्र सूची कार्यालयीन सूचना पटेल पर चस्पा तथा उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जावेगा।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला कोरबा छ.ग.**

जी-242504443/3


# टीबी के खात्मे के लिए 11 लाख लोगों के घर जाएगी टीम,स्क्रीनिंग के साथ होगा उपचार



**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से टीबी के मरीज को खात्मे को लेकर 100 दिन पहचान व उपचार अभियान का शुभारंभ किया गया। इसमें जिले के सभी 11 लाख लोगों के घर-द्वार जाकर स्क्रीनिंग की जाएगी।

साथ ही पॉजिटिव मिलते ही तत्काल उपचार के साथ पौष्टिक आहार मिलेगा। भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया है। इसके साथ ही मलेरिया व कुष्ठ मरीजों की भी पहचान की जाएगी। उसका भी इलाज शुरू किया जाएगा।

**नि:शुल्क स्वस्थ होंगी टीबी के मरीज**

निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके तहत जिला मुयालय के ऑडिटोरियम में निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम 7 दिसंबर से 23 मार्च 2025 तक 4 चरण में आयोजित किया जाएगा। आडिटोरियम में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 100 दिनों तक टीबी, मलेरिया एवं कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी तथा उनका उपचार किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसे लोगों का भी समान किया गया, जिन्होंने टीबी और कुष्ठ जैसी बीमारियों से लड़ाई लड़ी और आज स्वस्थ जीवन का आनंद उठा रहे हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ सहित जिले को टीबी, कुष्ठ मुक्त बनाने शपथ ली गई। इस दौरान निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ रथ को हरी झंडी दिखाकर विधायक एवं अतिथियों ने रवाना किया।

**पॉजिटिव मिलते ही उपचार के साथ मिलेगा पौष्टिक आहार**

इन 100 दिनों में स्वास्थ्य विभाग के अलावा 14 अन्य विभागों के सहयोग से टीबी रोगियों को ढूंढकर निकाला जाएगा तथा टीबी पॉजिटिव पाए जाने पर उनका नि:शुल्क उपचार किया जाएगा। वहीं निजी अस्पतालों में जो जांचे 4500 से 5000 रुपए में होती है, यहीं जांचे जिला अस्पताल में निःशुल्क किया जाता है। ज्ञात हो कि गांवों में टीबी मरीज जांच कराने तथा उपचार करने के लिए शासकीय अस्पतालों में नहीं पहुंचते थे।

समय पर उपचार नहीं मिलने की वजह से उनकी मृत्यु हो जाती थी। शासन टीबी से होने वाली मृत्यु दर को कम के लिए यह सघन 100 दिन टीबी मुक्ती अभियान चला रही है। देश में हर साल 26 लाख से ज्यादा लोग टीम से प्रभावित होते हैं, जिसमें लगभग 4 लाख की मृत्यु हो जाती है। मरीजों को इलाज के अलावा पौष्टिक आहार की भी जरूरत होती है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए एक बड़ी चुनौती बन जाता है।

**जोखिम वाले मरीजों पर ज्यादा फोकस**

मितानिने घर-घर दस्तक देंगी। इस अभियान के तहत सबसे ज्यादा फोकस उच्च जोखिम वाले मरीज जैसे पूर्व टीबी मरीज, वर्तमान टीबी मरीज व इनके संपर्क में आने वाले, एड्स, कुपोषित सहित अन्य बीमारी वाले मरीजों पर खबर ली गई। ऐसे मरीजों को तत्काल नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्रों में एक्सरे कराया जाएगा।

## अनमोल वचन......

**व्यक्ति का जीवन में कई परेशानी आती है पर जो उससे लड़ ले वो पार पड़ जाता है ।**

# आर्थिक बदहाली की सीधे जिम्मेदार सरकार

*सरकार ने पेट्रोलियम की कीमतों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की नीति पर सचमुच अमल किया होता, तो साढ़े 36 लाख करोड़ रुपये लोगों की जेब में बचते। इतना पैसा उपभोग क्षेत्र में जाता। बेशक उससे बाजार को जो बल मिल सकता था।*

*संसद में बताया गया है कि 2019-20 से 2023-24 तक केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम पर कर/ उपकर/ शुल्क से 36,58,354 करोड़ रुपये वसूले। ध्यान दीजिएः 2024-25 के आम बजट में सरकार की कुल आमदनी का अनुमान 30,80,274 करोड़ रुपए लगाया गया है। 2019-20 में यह रकम 20,82,589 करोड़ रुपये थी। तो पांच साल में पेट्रोलियम पर टैक्स से सरकार ने उतनी रकम बटोर ली, जो इनमें से किसी एक वर्ष में उसे हुई आमदनी से ज्यादा है।*

*इस दौर में बुनियादी मानव विकास से संबंधित योजनाओं के बजट में कटौती का सिलसिला भी चला है। तो वाजिब सवाल कि है सारी अतिरिक्त आय गई कहां। अब इसी हफ्ते कुछ संकेत संसद में दिए गए एक अन्य आंकड़े पर गौर करेः 2023-24 सरकारी बैंकों ने एक लाख 70 हजार करोड़ रुपए के ऋण माफ कर दिए। पांच साल में ये रकम लगभग नौ लाख करोड़ रुपये बैठती है।*

*इसके अलावा सरकार कह सकती है कि वह इन्फ्रास्ट्रक्चर में पूंजीगत निवेश पर हर साल दस लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर रही है। देश में मैनुफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव योजना पर भी बड़ी रकम खर्च हुई है।*

*इसके अलावा 2019 में कॉरपोरेट टैक्स में दी गई छूट के कारण सरकार पर लाखों करोड़ रुपये का बोझ पड़ा। बहरहाल, यह प्रश्न अनुत्तरित है कि की सरकार की इन प्राथमिकताओं से आम जन को क्या हासिल हुआ। जिस समय मध्य वर्ग का ह्रास एक आम कथानक बन चुका हो और उद्योग जगत बाजार सिकुड़ने की शिकायत कर रहा हो, तो यह अवश्य पूछा जाएगा कि आम लोगों की जेब से कॉरपोरेट सेक्टर धन ट्रांसफर करने की नीति पर पुनर्विचार करने के लिए सरकार तैयार क्यों नहीं है। कल्पना कीजिए कि सरकार ने पेट्रोलियम की कीमतों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की नीति पर सचमुच अमल किया होता। तब साढ़े 36 लाख करोड़ रुपये लोगों की जेब में बचते। इतना पैसा उपभोग क्षेत्र में जाता। उससे बाजार को जो बल मिलता, वह बेशक आर्थिक आंकड़ों में झलकता। तो क्या आज की आर्थिक बदहाली की सीधी जिम्मेदारी सरकार पर नहीं जाती है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई- बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, वह भी दूर होगी। आपकी किसी पुरानी गलती के लिए आपको परिवार में वरिष्ठ से माफी मांगनी पड़ सकती है। आज आपकी कोई योजना समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। ऑफिस के काम को आज आप जल्द पूरा कर लेंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपनी किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे जिससे आपका बिजनेस अच्छे से चले। पुस्तकालय के कारोबारी नई ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। आज बच्चे घर के काम में माता की मदद करेंगें ,जिससे माता उनसे प्रसन्न रहेगी। धार्मिक कार्यों में आपके धन की व्ययता रहेगी।

**सिंह राशिः** आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आपके अपने व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में कोई साइड बिजनेस कर सकते हैं। जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। नौकरी पेशा लोगों के लिए नए अवसर मिलने की संभावना है। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में मैं रूचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त होने के योग हैं। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। नए कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलेगी। जीवन साथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर ले ,अन्यथा आपका पैसा फंस सकता है। आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**तुला राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लागाव बढेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है।आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे।

**मकर राशिः** आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा ,जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यापार करने की योजना बनायेंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा। व्यायाम करने से ,डायबिटीज से संबंधित परेशानी खत्म होंगी।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आएंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चलती आ रही अन बन आज खत्म हो जायेंगी। आपको अधिक खाने-पीने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए। करोबार में बरकत होगी।

# युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक

//प्रह्लाद सबनानी//

**प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति की सदस्य शमिका रवि के हालिया रिसर्च पेपर में कई महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। भारत के आर्थिक विकास के कई क्षेत्रों के संबंध में तथ्यों पर आधारित सारगर्भित बातें बताने के साथ-साथ यह भी जानकारी दी गई है कि किस प्रकार भारत में अब ग्रामीण इलाके भी अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ा रहे हैं। यह भी कि किस प्रकार भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास का लाभ देश के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसरों के रूप में मिल रहा है।**

किसी भी देश के लिए श्रम की भागीदारी एवं बेरोजगारी, दो अलग-अलग मुद्दे हैं। श्रम की भागीदारी में 18-59 वर्ष के बीच के वे लोग शामिल रहते हैं, जो अर्थ के अर्जन हेतु या तो कुछ कार्य कर रहे हैं अथवा कोई आर्थिक कार्य करने को उत्सुक हैं एवं इस हेतु रोजगार तलाश रहे हैं। पिछले 40 वर्षो के दौरान चीन में श्रम की औसत भागीदारी 75 प्रतिशत से ऊपर रही है अर्थात प्रत्येक 4 में से 3 लोग या तो रोजगार में रहे हैं अथवा रोजगार तलाशते रहे हैं।

वियतनाम में श्रम की भागीदारी 72-73 प्रतिशत के बीच रही है। बांग्लादेश में यह 60 प्रतिशत से अधिक रही है परंतु भारत में 5 वर्ष पूर्व तक केवल 50 प्रतिशत के आसपास थी जो आज बढ़कर 57 प्रतिशत हो गई है। अर्थात इतने बड़े देश में कुल कार्य करने योग्य जनसंख्या में से आधे से कुछ कम आबादी या तो रोजगार में नहीं है अथवा रोजगार तलाश भी नहीं रही है। यह स्थिति भारत जैसे देश के लिए ठीक नहीं है। दूसरे, बेरोजगारी से आश्य ऐसे नागरिकों से है, जो रोजगार तलाश रहे हैं, लेकिन रोजगार मिल नहीं रहा। भारत में ऐसे नागरिकों की संख्या मात्र 3 प्रतिशत है। समय के साथ बेरोजगारी की दर में थोड़ा-बहुत परिवर्तन होता रहता है परंतु, जब इस स्थिति को विभिन्न प्रदेशों के बीच तुलना करते हुए देखते हैं, तो बेरोजगारी की दर में भारी अंतर दिखाई देता है। गुजरात, छत्तीसगढ़, कर्नाटक जैसे राज्यों में बेरोजगारी की दर 0.9-1.5 प्रतिशत के बीच है, जबकि केरल में 12.5 प्रतिशत है।आर्थिक विकास में वृद्धि के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी अधिक निर्मित होते हैं। इसलिए देश में रोजगार के नये अवसर निर्मित करने के लिए व्यवसाय को बढ़ाना होगा, विकास को बढ़ाना होगा। केवल केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारें समस्त नागरिकों को रोजगार उपलब्ध नहीं करा सकतीं। इस हेतु, निजी क्षेत्र को आगे आना होगा। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के संस्थानों के रोजगार के अवसर निर्मित करने की कुछ सीमाएं हैं।

आज भारत में 30 वर्ष के अंदर की उम्र के नागरिकों में बेरोजगारी की दर 12 प्रतिशत है, जबकि देश में कुल बेरोजगारी की दर 3.1 प्रतिशत है। अतः युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक दिखाई देती है। युवाओं में कौशल का अभाव है। इसलिए केंद्र सरकार विशेष कार्यक्रम लागू कर युवाओं में कौशल विकसित का प्रयास कर रही है। विशेष रूप से युवाओं के लिए कहा जा रहा है कि वे 30 वर्ष की उम्र तक काम करना ही नहीं चाहते क्योंकि इस उम्र तक वे रोजगार के अच्छे अवसर ही तलाशते रहते हैं। 30 वर्ष की उम्र के बाद वे दबाव में आने लगते हैं एवं फिर जो भी रोजगार अवसर मिलता है, उसे स्वीकार कर लेते हैं। इसलिए 30 वर्ष से अधिक की उम्र के नागरिकों के बीच बेरोजगारी की दर बहुत कम है। यह स्थिति हाल के समय में अन्य देशों में भी देखी जा रही है। युवाओं की अपनी नजर में सही रोजगार के अवसर के लिए वे इंतजार करते रहते हैं, अथवा अपनी पढ़ाई जारी रखते हैं।

आज विशेष रूप से भारत में रोजगार के अवसरों की कमी नहीं है। युवाओं में कौशल एवं मानसिकता का अभाव एवं केवल सरकारी नौकरी को ही रोजगार के अवसर के लिए चुनना ही भारत में श्रम की भागीदारी में कमी के लिए जिम्मेदार तत्व हैं। अधिक डिग्रियां प्राप्त करने वाले युवा रोजगार के अच्छे अवसर तलाश करने में ही लंबा समय व्यतीत कर देते हैं। कम डिग्री प्राप्त एवं कम पढ़े-लिखे नागरिक छोटी उम्र से ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं।

यह भी कटु सत्य है कि डिग्री प्राप्त करने एवं वास्तविक धरातल पर कौशल विकसित करने में बहुत अंतर है। आज भी भारत में कई कंपनियों को शिकायत है कि देश में इंजीनीयर्स तो बहुत मिलते हैं परंतु उच्च कौशल प्राप्त इंजीनीयर्स की भारी कमी है। तमिलनाडु में किए गए एक अध्ययन में तथ्य उभर कर आया है कि किसी भी देश के नागरिक जब अधिक उम्र में रोजगार प्राप्त करते हैं, तो उनकी कुल उम्र भर की कुल वास्तविक औसत आय बहुत कम हो जाती है। इसके विपरीत जो नागरिक अपनी उम्र के शुरुआती पड़ाव में ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं, उनकी कुल उम्र भर की वास्तविक औसत आय तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। भारत में स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जाना चाहिए एवं युवाओं को सरकारी नौकरी की चाहत को छोड़कर निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के प्रयास करने चाहिए। युवाओं को अपने स्वयं के व्यवसाय प्रारंभ करने के प्रयास भी करने चाहिए।

# कांग्रेस मुसलमानों को हाशिये पर रख वोट बैंक समझा

//कौसर जहां//

**मुसलमानों को डर दिखाकर कांग्रेस इस देश में कई दशक तक शासन सत्ता में रही। मुसलमान आजादी के बाद भी कई दशकों तक हाशिये पर रहा, लेकिन कभी भी उसे मुख्यधारा में शामिल नहीं होने दिया गया। वजह सिर्फ एक थी मुसलमान को भय दिखा कर उसे अपना वोट बैंक बनाए रखना। मोदी राज में अब पुरानी धारणाएं पूरी तरह बदल गई हैं। जब देश के प्रधानमंत्री 140 करोड़ भारतीयों की बात करते हैं तो मुसलमान भी उनकी नीतियों में, उनके विकसित भारत के विजन में शामिल होता है।**

हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम एक हैं, तो सेफ हैं तो देश के मुसलमान को डरने की जरूरत नहीं। क्योंकि यह नारा किसी एक समुदाय के लिए नहीं है, बल्कि उन सभी देशवासियों के लिए जिन्हें यहां की विविधता में एकता की संस्कृति पर गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसी योजना में ऐसा नहीं किया कि कोई खुद को अलग महसूस करे। जहां तक विपक्ष की बात है तो उनके लिए यही कहा जा सकता है जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। उनको सब कुछ नकारात्मक ही दिखता है। सैकड़ों कल्याणकारी योजनाओं के केंद्र में सबका साथ, सबका विकास मूलमंत्र सर्वोपरि रहा यानी योजनाओं को किसी खांचे में नहीं बांटा गया और इनका लाभ सभी जरूरतमंद लोगों को मिला।

मुझे यह कहने में भी कोई संकोच नहीं कि इन योजनाओं का सबसे बड़ा लाभ देश की अल्पसंख्यक आबादी खास तौर पर मुसलमानों को मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना हो, मुफ्त राशन योजना हो, आयुष्मान स्कीम हो या अन्य कोई कल्याणकारी कार्यक्रम। लिस्ट उठा कर देख लीजिए कहीं कोई भेदभाव नहीं मिलेगा। लाभार्थियों में मुसलमान बड़ी संख्या में शामिल हैं। सच्चर कमेटी की सिफारिशों में देश के मुसलमान की बदहाली बयान की गई थी। कहना चाहूंगी कि यह रिपोर्ट कांग्रेस की विफलताओं का दस्तावेज भी था। क्योंकि मुसलमान सबसे ज्यादा बदहाल हुआ तो कांग्रेस के कई दशकों के कुशासन और राजनीतिक हथकंडे की वजह से हुआ। कांग्रेस ने मुसलमानों को हाशिये पर रख कर उन्हें केवल वोट बैंक समझा। सच्चर रिपोर्ट कांग्रेस सरकारों के ही अधिसंख्य कार्यकाल पर आधारित थी। वे रिपोर्ट बनवाते रहे, अपनी ही विफलताओं को दिखा कर मुसलमानों को डराते रहे लेकिन उनकी भलाई के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन आज मैं फख्र फर्क के साथ कह सकती हूं कि हालात तेजी से बदल रहे हैं। अब मुसलमान तुष्टिकरण अस्वीकार्य है और संतुष्टिकरण सबकी भागीदारी का मूलमंत्र है। कांग्रेस के मुस्लिम आरक्षण के कर्नाटक मॉडल की हकीकत मुसलमान समझ रहा है। धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई आधार नहीं है। दुर्भाग्य से कांग्रेस और विपक्ष के पास इस तरह के राजनीतिक झुनझुनों के अलावा कोई और विजन नहीं है। कांग्रेस कर्नाटक में सरकारी पब्लिक टेंडर में 4 फीसद आरक्षण का सब्जबाग दिखा रही है और इसके उलट मोदी सरकार और भाजपा शासित राज्य सरकारें मुसलमान को जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समृद्धि का रास्ता दिखा रही हैं। पिछले दस वर्षो में मोदी प्रशासन के दौरान किए गए कई प्रयासों से अल्पसंख्यक समुदायों को लाभ हुआ है। अनुच्छेद 370 के खत्म होने से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, दोनों में अल्पसंख्यकों को समान अधिकार दिए गए हैं। पीएम ने सिखों के धर्म का अहम प्रतीक करतारपुर कॉरिडोर राष्ट्र को समर्पित किया। सभी हज प्रक्रियाएं कंप्यूटरीकृत हो गई हैं, जिससे ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है।

हम नहीं भूल सकते कि पीएम मोदी जब सऊदी प्रिंस से मिले तो उन्होंने हज कोटा बढ़ाने का अनुरोध किया। यह दर्शाता है कि उनके लिए मुसलमान अल्पसंख्यक राजनीतिक हथियार नहीं है बल्कि उन्हें 140 करोड़ भारतीयों की समान चिंता है। रिकॉर्ड 2 लाख भारतीय मुसलमानों, जिनमें 48त्न महिलाएं थीं, ने 2019 में हज यात्रा की। इसके अलावा, मोदी प्रशासन ने कई शहरों में हुनर हाट' शुरू किए जिससे हजारों अल्पसंख्यक समुदाय के कारीगरों, शिल्पकारों और पारंपरिक रसोइयों को मदद मिली। वक्फ संपत्तियों का उचित उपयोग और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वक्फ लीजिंग नियमों और वक्फ संपत्तियों की जीआई मैपिंग में सकारात्मक सुधार किए गए। वक्फ संशोधन का मकसद भी यही है । लेकिन दुर्भाग्य से कुछ लोगों को यह रास नहीं आ रहा। वे मुसलमान को बंधुआ बना कर रखना चाहते हैं। उसे लगातार गुमराह करने का अभियान चलाया जा रहा है।

मोदी सरकार सबका साथ-सबका विकास' कर रही है और इसका लक्ष्य राष्ट्रीय एकता को बनाए रखते हुए विकसित भारत का सफर तय करना है। 2009-14 तक यूपीए के कार्यकाल के दौरान अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को मात्र 11,208.20 करोड़ आवंटित किए गए थे, जबकि 2014 में कार्यभार संभालने वाली एनडीए सरकार ने 2019 तक इस आवंटन को बढ़ा कर 17,715 करोड़ रुपये कर दिया जो यूपीए की तुलना में 58त्न की सराहनीय वृद्धि है। इसके अलावा, 2023 तक यह आवंटन बढ़कर ?18,539.16 करोड़ हो गया है, जो यूपीए सरकार की तुलना में 65.4त्न की महत्वपूर्ण वृद्धि है। आज का भारत तुष्टिकरण नहीं एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना के साथ सबके विकास की अवधारणा वाला देश है।

# रैगिंग के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं

पिछले दिनों गुजरात के पाटन में एक मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के कारण 18 साल के एक छात्र की मौत के बाद उम्मीद जगी थी कि कॉलेजों में रैगिंग के मामलों पर रोक लगेगी लेकिन उसके बाद भी जिस प्रकार आये दिन देश भर से रैगिंग के मामले सामने आ रहे हैं, उन्हें देखते हुए कॉलेजों में रैगिंग को लेकर तत्काल कड़े कदम उठाने की जरूरत महसूस होने लगी है। पाटन मेडिकल कॉलेज में रैगिंग से छात्र की मौत के मामले में खुलासा हुआ है कि 15 सीनियर छात्रों ने उस जूनियर छात्र सहित कई छात्रों से लगातार तीन घंटे डांस करवाया, गाने गवाए और उन्हें शारीरिक-मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। मानसिक-शारीरिक यातना दिए जाने के कारण अनिल मेथानिया आधी रात को बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मेडिकल कॉलेज के द्वितीय वर्ष के 15 छात्रों को गैर-इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। रैगिंग पर लगाम कसने को लेकर देश भर के तमाम शिक्षण संस्थानों में सख्ती बेहद जरूरी है क्योंकि हर साल ऐसे अनेक मामले सामने आते हैं, जिनमें रैगिंग के शिकार छात्र अवसाद के शिकार हो जाते हैं, कुछ रैगिंग से डर कर पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं, तो कुछ मौत को गले लगा लेते हैं। रैगिंग रोकने के लिए सख्त अदालती दिशा-निर्देश हैं, लेकिन जिस प्रकार रैगिंग के मामले सामने आ रहे हैं, उससे चिंता बढना स्वाभाविक है। हिमाचल के एक मेडिकल कॉलेज में 2009 में रैगिंग से एक छात्र की मौत के बाद सुप्रीम कोर्ट ने देश के शिक्षण संस्थानों में रैगिंग विरोधी कानून सख्ती से लागू करने के आदेश दिए थे, जिसके तहत दोषी पाए जाने वाले छात्र को तीन साल के सश्रम कारावास और आर्थिक दंड का प्रावधान था। दोषी छात्र को कॉलेज तथा हॉस्टल से निलंबित या बर्खास्त किया जा सकता है। उसकी छात्रवृत्ति तथा अन्य सुविधाओं पर रोक, परीक्षा देने या परीक्षा परिणाम घोषित करने पर प्रतिबंध लगाने के अलावा अन्यत्र उसके दाखिले पर भी रोक लगाई जा सकती है। रैगिंग के मामले में कार्रवाई न करने अथवा मामले की अनदेखी करने पर कॉलेज के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है, जिसमें कॉलेज पर आर्थिक दंड लगाने के अलावा कॉलेज की मान्यता रद्द करने का भी प्रावधान है। अदालत के दिशा-निर्देशों के तहत किसी छात्र के रंग-रूप या उसके पहनावे पर टिप्पणी करके उसके स्वाभिमान को ठेस पहुंचाना, उसकी क्षेत्रीयता, भाषा या जाति के आधार पर उसका अपमान करना, उसकी नस्ल या पारिवारिक पृष्ठभूमि पर अभद्र टिप्पणी करना या उससे जबरन किसी प्रकार का अनावश्यक कार्य कराया जाना रैगिंग के दायरे में सम्मिलित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा देश के प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान में रैगिंग के खिलाफ एक समिति बनाने से लेकर संबंधित नियमों का पालन नहीं करने पर संस्थान की मान्यता रद्द करने तक के सख्त निर्देश हैं, लेकिन रैगिंग के लगातार सामने आते मामलों को देख कर हैरानी होती है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरिजीत पसायत, जस्टिस डी. के. जैन तथा जस्टिस मुकुंदकम शर्मा की खंडपीठ ने रैगिंग रोकने के लिए 11 फरवरी, 2009 को पहली बार बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए कहा था कि रैगिंग में मानवाधिकार हनन जैसी गंध आती है। खंडपीठ ने राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों को शिक्षण संस्थानों में रैगिंग पर रोक लगाने के लिए राघवन कमेटी की सिफारिशों को सख्ती से लागू करने का निर्देश देते हुए कहा था कि रैगिंग रोकने में विफल शिक्षण संस्थाओं की मान्यता रद्द करें। 2001 में भी सुप्रीम कोर्ट ने उन्नीकृष्णन समिति की सिफारिश के आधार पर रैगिंग पर प्रतिबंध लगाते हुए इसके लिए कठोर सजा का प्रावधान करते हुए अपने आदेश में स्पष्ट कहा था कि शिक्षा परिसरों में रैगिंग रोकना शिक्षा संस्थानों का नैतिक ही नहीं, कानूनी दायित्व भी है, जिसे न रोक पाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में लाया जाएगा और ऐसे संस्थानों की संबद्धता तथा उन्हें प्रदत्त सरकारी वित्तीय सहायता समाप्त की जा सकती है। कोर्ट का स्पष्ट कहना था कि रैगिंग के नाम पर दुर्व्यवहार रोकना कॉलेज प्रबंधन, प्राचार्य,अधिकारियों तथा छात्रावास अधीक्षकों की जिम्मेदारी बनती है। एक विद्यार्थी कितने सपने संजो कर कॉलेज की दहलीज पर पहला कदम रखता है।

## तस्वीरों की दुनिया


पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन स्थित एक रेस्तरां में लगी आग को बुझाने की कोशिश करते दमकलकर्मी।


नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआईएएल) ने गौतम बुद्ध नगर में अप्रैल 2025 में हवाई अड्डे के वाणिज्यिक उद्घाटन से पहले नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए पहला उड़ान सत्यापन परीक्षण आयोजित किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत में विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत में विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास के अवसर पर संबोधित किया।


नई दिल्ली में एएसएन स्कूल मयूर विहार फेज 1 को बम की धमकी मिलने के बाद वहां से अपने बच्चों को लेने के बाद अभिभावक जाते हुए।


विजय दिवस समारोह से पहले मिलिट्री टैटू कार्यक्रम का अंतिम अभ्यास कोलकाता में हुआ।

# दोबारा बांग्लादेश की सत्ता संभालेंगी शेख हसीना, खाई ऐसी कसम... चर्चा हो गई तेज, 37 मिनट के भाषण ने बढ़ाई यूनुस की टेंशन



**ढाका, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बांग्लादेश से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने देश के धार्मिक अल्पसंख्यकों का सुनियोजित तरीके से उत्पीड़न कराया है। उनके फासीवादी शासन ने ही आतंकियों और कट्टरपंथियों को बेरोकटोक धार्मिक उन्माद फैलाने दिया। उन्होंने कसम खाई कि वह यूनुस और उनकी सरकार के लोगों का बांग्लादेशी कानून के तहत न्याय करेगी। उम्मीद जताई कि बांग्लादेश पर छाया अंधियारा छंटेगा और भविष्य बेहतर होगा। शेख हसीना ने फोन पर 37 मिनट के अपने संबोधन में रविवार को लंदन स्थित ओवरसीज आवामी लीग समर्थकों से कहा कि पांच अगस्त से अल्पसंख्यक हिंदुओं, ईसाइयों और बौद्धों पर हमले हो रहे हैं। उनके मंदिर, चर्च और मठ गिराए जा रहे हैं। हम उसकी कड़ी निंदा करते हैं। नए शासन में जमात और आतंकियों को हत्याओं, लूटपाट और तबाही मचाने की खुली छूट मिली हुई है। उन्होंने जवाबदेही और न्याय की मांग करते हुए कहा कि फासीवादी शासन में निर्दोष लोगों को पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा जा रहा है। कानून का शासन खत्म हो चुका है। उन्होंने दोहराया कि जुलाई-अगस्त का संघर्ष जिसके चलते उनकी निर्वाचित सरकार को अपदस्थ किया गया, उसके मास्टरमाइंड मोहम्मद यूनुस ही हैं। शेख हसीना के बयान की यह ऑडियो रिकॉर्डिंग बांग्लादेश स्टूडेंट्स लीग और बांग्लादेश आवामी लीग के फेसबुक पेज पर साझा की गई है। अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना का यह बयान सोमवार को भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी के ढाका दौरे से ऐन पहले जारी किया गया है। विक्रम मिसरी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शेख हसीना ने कहा कि मोहम्मद यूनुस सरकार ने अपराधियों और आतंकियों को माफ कर रिहा कर दिया। और इन्हीं अपराधियों ने बांग्लादेश की संसद पर हमला किया और हत्याओं को अंजाम दिया।

वह पुलिसकर्मियों और छात्रों की हत्याओं के लिए जिम्मेदार हैं। वह कसम खाती हैं कि इन युद्ध अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आज जो गलत कर रहे हैं, वह कानून की गिरफ्त से बचेंगे नहीं। अगस्त से अब तक आवामी लीग के एक हजार से अधिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों की हत्या की जा चुकी है। उनकी पार्टी की सभी इकाइयों पर हमले किए गए हैं।

## कब तक दी जाएंगी मुफ्त चीजें, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा सवाल



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने पर जोर देते हुए पूछा है कि लोगों को कब तक मुफ्त चीजें दी जा सकती हैं। सोमवार को जस्टिस सूर्यकांत और मनमोहन की पीठ उस समय हैरान रह गई, जब केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत 81 करोड़ लोगों को मुफ्त या रियायती राशन दिया जा रहा है। इस पर पीठ ने कहा- इसका मतलब है कि केवल करदाता ही इससे वंचित हैं। शीर्ष अदालत कोरोना महामारी के दौरान प्रवासी मजदूरों की समस्याओं और उन्हें राहत प्रदान करने के लिए स्वतः संज्ञान लेकर इस मामले की सुनवाई कर रही है। एक एनजीओ की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने के लिए निर्देश जारी किए जाने की आवश्यकता है।

इस पर पीठ ने कहा, कब तक मुफ्त चीजें दी जा सकती हैं। हम इन प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर और क्षमता निर्माण पर क्यों नहीं काम करते। प्रशांत भूषण ने कहा कि इस अदालत द्वारा समय-समय पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड जारी करने के निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि वे केंद्र द्वारा प्रदान किए जाने वाले मुफ्त राशन का लाभ उठा सकें। नवीनतम आदेश में कहा गया है कि यदि किसी के पास राशन कार्ड नहीं है और अगर वह ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्टर्ड है, तो उसे भी केंद्र सरकार द्वारा मुफ्त राशन दिया।

# बंगाल के शहरों में हर पांच साल में बढ़ेगा संपत्ति कर, कीमतों में भी होगा इजाफा, विधेयक पारित



**कोलकाता, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बंगाल के शहरी क्षेत्रों में अब प्रत्येक पांच साल में 10 प्रतिशत संपत्ति कर बढ़ेंगे। संपत्ति के मूल्यों में भी अब से हर पांच साल में सालाना 10 प्रतिशत की वृद्धि मानी जाएगी। ऐसे में उसी अनुपात में हर पांच साल में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ संपत्ति कर का भी भुगतान करना पड़ेगा। इस नियम को लागू करने के लिए सोमवार को राज्य विधानसभा से दो विधेयकों- पश्चिम बंगाल नगर निगम संशोधन विधेयक 2024 और पश्चिम म्युनिसिपल (संशोधन) विधेयक, 2024 को चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विपक्षी भाजपा के विधायकों ने दोनों संशोधन विधेयक का विरोध किया। राज्य के शहरी विकास व नगरपालिका मामलों के मंत्री फिरहाद हकीम ने इन दोनों विधेयकों को सदन में पेश किया।विधेयक पारित होने से पहले सदन में चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री हकीम ने दावा किया कि टीएमसी सरकार ने पिछले वाममोर्चा शासन के दौरान राज्य की नगर पालिकाओं में मौजूद इंस्पेक्टर राज को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि वाममोर्चा शासन के दौरान संपत्ति कर (टैक्स) बिल तैयार करने के लिए घर-घर की तलाशी ली जाती थी, जिससे कई बार अनुचित व्यवहार और इंस्पेक्टर राज को बढ़ावा मिलता था। उन्होंने कहा कि इसका समाधान करने और संपत्ति मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता लाने के लिए टीएमसी सरकार एक डिजिटल सर्वेक्षण ऐप पेश करेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह ऐप विसंगतियों को कम करेगा और नागरिकों को अपने स्वयं के कर आकलन का सुझाव देने की अनुमति देगा, जिसे फिर वैल्यूएशन बोर्ड के समक्ष सुनवाई के दौरान सत्यापित किया जाएगा। अंतिम निर्णय प्रशासन द्वारा किया जाएगा। हकीम ने कहा कि हमारी सरकार लोगों पर भरोसा करती है। हम हर चीज से ज्यादा मानवता में विश्वास करते हैं। हकीम ने केंद्र सरकार पर राज्य के लिए जरूरी फंड आवंटित नहीं करने का भी आरोप लगाया और दावा किया कि वित्तीय संकट के बावजूद राज्य ने अपने विकास प्रयासों को जारी रखा है।

उन्होंने दावा किया कि बंगाल का जीडीपी राष्ट्रीय औसत से अधिक है, जो शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण विकास को दर्शाता है।हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि तेजी से शहरीकरण के कारण खाली टैंकों में पानी जमा होने के कारण कुछ ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में डेंगू का प्रकोप बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति को सफलतापूर्वक संभाला है। विपक्षी भाजपा विधायकों द्वारा विधेयक का विरोध करने के सवाल पर हकीम ने कहा कि हमें समय बीतने के साथ कानूनों को अपडेट करना चाहिए। हम तर्कसंगतता में विश्वास करते हैं। भाजपा विधायक अरूप कुमार दास ने संशोधन विधेयकों में कुछ बदलाव का सुझाव दिया, लेकिन हकीम ने जवाब दिया कि मैंने संशोधन मसौदे की समीक्षा की है। भाजपा विधायक द्वारा सुझाए गए किसी भी बदलाव की आवश्यकता नहीं है। विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

# फर्जी निकला मरीज तो मेडिकल कॉलेज पर होगी कार्रवाई, एनएमसी ने मान्यता के लिए रखी शर्त

**नईदिल्ली, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने नए संस्थान स्थापित करने या स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की सीट बढ़ाने की मंजूरी मांगने वाले मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में फर्जी रोगियों की पहचान करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मरीज की स्थिति भर्ती लायक साबित नहीं मिली तो मेडिकल कॉलेजों पर कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने कहा कि इसे गंभीर उल्लंघन माना जाएगा और नियमों के अनुसार सजा दी जाएगी। यह पहली बार है कि आयोग ने इस तरह के दिशानिर्देश जारी किए हैं। कुछ चिकित्सा संस्थानों द्वारा फर्जी मरीजों (ऐसे व्यक्ति जिन्हें किसी उपचार की आवश्यकता नहीं है या जिन्हें भर्ती होने की जरूरत नहीं है) को भर्ती करने के मामले सामने आने के बाद ये दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

दिशा-निर्देशों के अनुसार, निरीक्षण के दिन या उससे पहले के दिन बड़ी संख्या में मरीजों का भर्ती होना, एक ही परिवार के कई मरीजों का भर्ती होना या भर्ती हुए ऐसे मरीज जिनमें कोई समस्या नहीं है या मामूली समस्या है, जिनका उपचार ओपीडी में दवाएं देकर किया जा सकता है, फर्जी मरीजों की पहचान करने का मापदंड हो सकता है।आयोग ने कहा कि कुछ मेडिकल संस्थान काफी समय से मनमानी कर रहे हैं। काफी समय से यह देखा गया है कि कुछ चिकित्सा संस्थान/कॉलेज फर्जी मरीजों को भर्ती करते हैं। दिशा-निर्देशों के अनुसार मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड (एमएआरबी) जांचकर्ताओं की टीम का चयन करेगा। एनएमसी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जांचकर्ता कॉलेज के बुनियादी ढांचे, चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता, संकाय, एईबीएएस डाटा, अन्य संकेतक और कॉलेज की वित्तीय स्थिति की जांच करने के लिए मूल्यांकन करेंगे।

मूल्यांकन के दौरान कर्मचारियों और सभी छात्रों के साथ बात भी की जाएगी। राज्य या केंद्र सरकार द्वारा स्थापित मेडिकल कॉलेजों को स्व-घोषणा और मेडिकल कॉलेज द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के विश्लेषण के आधार पर निरीक्षण से छूट दी जा सकती है। कॉलेजों को शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति के दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।

# हम बेहतर रिश्तों के हिमायती मगर... भारत ने बांग्लादेश के हुक्मरानों के सामने उठाया हिंदुओं पर हमले का मामला

**नईदिल्ली, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारत ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के अधिकारियों के समक्ष वहां के अल्पसंख्यकों पर हो रहे दुर्भाग्यपूर्ण हमले की स्थिति को बगैर किसी लाग-लपेट के उठाया है। भारत व बांग्लादेश के विदेश मंत्रालयों की बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने यह मुद्दा उठाया। बांग्लादेश के दल की अध्यक्षता उनके विदेश सचिव जशीम उद्दीन ने की।सालाना होने वाली इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए मिसरी 09 दिसंबर को सुबह ढाका पहुंचे थे। मिसरी की मुलाकात वहां की अंतरिम सरकार में विदेश मंत्रालय की जिम्मदेरी संभाल रहे तौहीद हुसैन से भी हुई। मिसरी ने पड़ोसी देश बांग्लादेश के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते को प्रगाढ़ करने की भारत की पेशकश को दोहराया लेकिन पुरजोर तरीके से हाल के दिनों में हिंदुओं पर होने वाले हमलों का मुद्दा भी उठाया।विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि दोनों देशों के बीच राजनीतिक व सुरक्षा से जुड़े सभी मुद्दों, सीमा प्रबंधन, कारोबार-वाणिज्य और कनेक्टिविटी को लेकर समग्र विमर्श हुआ है। भारत की तरफ से मिसरी ने एक लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिप्रिय और सभी को साथ लेकर चलने वाला बांग्लादेश का समर्थन करता है।

भारत बांग्लादेश के साथ आपसी भरोसा व आदर पर आधारित एक सकारात्मक व रचनात्मक संबंध स्थापित करने का हिमायती है।विदेश सचिव मिसरी ने कहा कि आज की परिचर्चा ने हमें अपने द्विपक्षीय संबंधों के हर आयाम पर और मौजूदा संभावनाओं पर खुल कर बात करने का मौका दिया है। मैंने इस बात पर जोर दिया है कि भारत बांग्लादेश के साथ एक सकारात्मक, रचनात्मक और एक दूसरे को लाभ पहुंचाने वाले संबंधों का हिमायती है। हमे पूर्व में भी देखा है और भविष्य में भी देखेंगे कि यह संबंध जनता केंद्रित है और इसका मुख्य उद्देश्य हर तरह की जनता की भलाई करना है, यहीं इसका मुख्य प्रेरक बिंदु है। बांग्लादेश के साथ हम जिन परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं, यह उससे भी साबित होता है। आगे भी इस पर काम करते रहेंगे। कारोबार, वाणिज्य, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, जल जैसे क्षेत्रों के साथ ही कंस्युलर व सांस्कृतिक सहयोग को लेकर हमारे परस्पर हित वाले क्षेत्रों में भी यह परिलक्षित होता है। इसका कोई कारण नहीं है कि परस्पर हित वाले इन क्षेत्रों में और एक दूसरे की जनता को मदद पहुंचाने वाले क्षेत्रों में हमारा सहयोग क्यों नहीं जारी रहेगा।भारत करीबी सहयोगी के तौर पर काम करने को इच्छुकमसरी ने कहा कि अंत में मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि भारत बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ करीबी सहयोगी के तौर पर काम करने को इच्छुक है। इसके साथ ही हमारे पास हाल की कुछ मुद्दों पर विमर्श करने का भी मौका मिला है और इस बारे में मैंने अपनी चिंताओं को व्यक्त किया है।

# बंगाल में कम हो रही सरकार और राज्यपाल के बीच कड़वाहट! ममता ने राजभवन जाकर की मुलाकात

**कोलकाता, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**



राजभवन और राज्य सरकार के बीच कम होती कड़वाहट के बीच बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार शाम राजभवन जाकर राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। राजभवन सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के बीच करीब 40 मिनट तक बैठक चली। इस दौरान सौहार्दपूर्ण माहौल में दोनों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात के बाद राजभवन से बाहर निकलने पर हालांकि ममता ने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की। वहीं, राजभवन के मीडिया सेल ने मुख्यमंत्री व राज्यपाल के बीच मुलाकात की तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर साझा करते हुए लिखा- आज के विचार, असली दोस्ती फ्लोरेंस की तरह होती है, जब सब कुछ अंधेरा हो जाता है तो यह और भी बेहतर तरीके से चमकती है। भले ही हम अलग हो जाएं, लेकिन हम एक पेड़ की शाखाओं की तरह जुड़े रहते हैं जो एक-दूसरे की ओर बढ़ती हैं। बीते 10 दिनों के भीतर राज्यपाल व ममता के बीच यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले राज्यपाल बोस बंगाल विधानसभा उपचुनाव में नव निर्वाचित सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के छह विधायकों को शपथ दिलाने बीते दो दिसंबर को जब विधानसभा गए थे तो ममता के साथ उनकी मुलाकात हुई थी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बोस का स्वागत किया था और शपथ समारोह के बाद सदन से बाहर आकर उन्हें विदा किया था।दोनों के बीच उससे पहले 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में अंतिम मुलाकात हुई थी। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से राजभवन व राज्य सरकार के बीच कड़वाहट कम होती दिख रही है।

राज्यपाल ने पहले विधानसभा उपचुनाव जीतने वाले सत्ताधारी पार्टी के विधायकों को विधानसभा जाकर शपथ दिलाई, इसके बाद उन्होंने राज्य के 34 विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति पर मुहर लगा दी।राज्य सरकार की ओर से कुलपतियों के लिए प्रस्तावित नामों पर इस बार राज्यपाल की ओर से कोई आपत्ति नहीं जताई गई। बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने राज्यपाल के इस कदम का स्वागत किया था।

# कुर्ला में बेकाबू बस ने 30 लोगों को कुचला, तीन की मौत

**मुंबई, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मुंबई के कुर्ला में बड़ा सड़का हादसा हो गया। बेकाबू बेस्ट बस की चपेट में कई लोग आ गई। जानकारी के मुताबिक, सड़क में कई लोगों को कुचल दिया गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। नगर निगम के एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई



को बताया कि आशंका है कि बस का ब्रेक फेल होने की वजह से ये घटना घटी है। अंजुम-ए-इस्लाम स्कूल के पास एल वार्ड के सामने एसजी बर्वे मार्ग पर बस ने कई गाड़ियों को कुचल दिया।वहीं, बस ने कई गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया है। हादसे की वजह अब तक स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने बस ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। घटनास्थल पर भारी भीड़ जुटी गई। फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस मौके पर राहत कार्य में जुटे हैं। यह बस दुर्घटना रात 9.50 बजे हुई।जानकारी के मुताबिक, बस कुर्ला से अंधेरी जा रही थी तभी अंबेडकर नगर में बुद्ध कॉलोनी के पास बस अनियंत्रित हो गई। घायलों को भाभा और सायन अस्पताल ले जाया गया है। 27 लोगों को अस्पताल में इलाज चल रहा है। तीन लोगों को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। बस हादसे पर जानकारी देते हुए शिवसेना विधायक दिलीप लांडे ने कहा, कुर्ला स्टेशन से निकली एक बस का ब्रेक फेल हो गया और ड्राइवर ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। ड्राइवर घबरा गया और ब्रेक दबाने की बजाय उसने एक्सीलेटर दबा दिया और बस की गति बढ़ गई। वह बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और 30-35 लोगों को टक्कर मार दी। 3 लोगों की मौत हो गई, 4 लोग गंभीर हालत में हैं।

# साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी बंद कराए गए रूसी अवैध कॉल सेंटर

**मास्को, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**



भारत सहित 50 से अधिक देशों के नागरिकों को साइबर क्राइम का शिकार बनाने वाले रूसी अवैध कॉल सेंटर बंद कराए गए। रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध समूह का हिस्सा ये कॉल सेंटर निवेश आदि का लालच देकर भारत, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, कनाडा, ब्राजील, जापान आदि के लोगों से धोखाधड़ी करते थे। एफएसबी के अनुसार, इस नेटवर्क के 11 कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है, जो जार्जिया के पूर्व रक्षा मंत्री के हितों में काम करते थे। साइबर अपराधियों ने करीब एक लाख लोगों को अपना शिकार बनाया था। अवैध कॉल सेंटर की ओर से की जाने वाली इस अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी से रोजाना की कमाई 10 लाख डालर तक पहुंच गई थी। रूस में संचालित कॉल सेंटर के प्रमुखों की भी पहचान की जा चुकी है। इसमें इजरायल और यूक्रेन के नागरिक केसेलमैन वाई.डी. शामिल है, जिसे हिरासत में लिया गया है। इजरायल और जार्जिया का नागरिक टोडवा डी. वांछित सूची में शामिल है।

रूस के एफएसबी के जांच विभाग द्वारा शुरू किए गए आपराधिक मामले के हिस्से के रूप में कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने कॉल सेंटर के रूसी कार्यालयों के प्रबंधकों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की है। अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में अब भी कार्रवाई जारी है।

# इसी महीने थी युवक की शादी, उससे पहले ही स्वास्थ्य विभाग ने कर दी नसबंदी, कांग्रेस बोली- जीवन बर्बाद कर दिया

**अहमदाबाद 10 दिसम्बर।** गुजरात में एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां एक युवक की लालच देकर बिना बताए उसकी नसबंदी करा दी। युवक को घर जाने के बाद दर्द हुआ तो नसबंदी का पता चला। इसके बाद हड़कंप मच गया है। मामले में दो स्वास्थ्यकर्मियों को निलंबित किया गया है। पीड़ित का इस माह विवाह होना था। मामला गुजरात के मेहसाणा जिले का है।मेहसाणा के पालनपुर के शेढावी गांव के युवक को लालच देकर स्वास्थ्य कर्मचारी गांधीनगर ले गए। वहां एक सरकारी अस्पताल में उसकी नसबंदी करा दी गई। घर जाने के बाद जब पेट में दर्द हुआ तो स्वास्थ्य कर्मियों से संपर्क किया गया। इसके बाद नसबंदी का पता चला। जब जानकारी परिजनों को लगी तो उनके भी होश उड़ गए। शादी से पहले युवक के साथ हुई यह घटना चर्चा में है।इस मामले में कांग्रेस प्रवक्ता मनीष दोशी ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाया। दोशी ने आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारी व कर्मचारी पूरी तरह संवेदनहीन हो गए हैं।

# सीयूईटी-यूजी और पीजी में अगले साल होंगे कई बदलाव, यूजीसी अध्यक्ष दी कई अहम जानकारी

**नईदिल्ली, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

देशभर के विश्वविद्यालयों के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए होने वाली परीक्षा कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) में अगले वर्ष बदलाव किए जाएंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सीयूईटी-यूजी और पीजी की समीक्षा के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया था।यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा, पिछले वर्षों के फीडबैक के आधार पर परीक्षा प्रक्रिया में लगातार सुधार करना आवश्यक है। यूजीसी ने 2025 के लिए सीयूईटी -यूजी और पीजी के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, समिति ने प्रश्नपत्रों की संख्या, परीक्षा की अवधि, पाठ्यक्रम समेत परीक्षा के विभिन्न पहलुओं की जांच की है। आयोग ने हालिया बैठक में इन सिफारिशों पर विचार किया। यूजीसी जल्द ही मसौदा प्रस्ताव जारी करेगा। इसमें सीयूईटी-यूजी और सीयूईटी-पीजी 2025 के संचालन के लिए संशोधित दिशानिर्देशों का विवरण होगा। इसे लेकर छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और संस्थानों से प्रतिक्रिया और सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। यूजीसी प्रमुख सोमवार को ने सीयूईटी-यूजी 2025 में संभावित बदलावों पर चर्चा करने के लिए सीयूईटी-यूजी 2024 में




उत्तीर्ण होने वाले विभिन्न डिग्री कालेजों के छात्रों के साथ बातचीत की। सीयूईटी ने विभिन्न शैक्षिक बोर्डों और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए समान अवसर प्रदान किया है। सीयूईटी की शुरुआत वर्ष 2022 में हुई थी। पिछले साल, 283 विश्वविद्यालयों ने सीयूईटी को अपनाया। पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या 13,47,820 थी। सीयूईटी ने प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया है।वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने क्लैट-पीजी 2025 के परिणामों को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। स्नातकोत्तर (पीजी)पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कामन ला एडमिशन टेस्ट (क्लैट) की अनंतिम उत्तर कुंजी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ताओं को अपनी शिकायतों के साथ दिल्ली हाई कोर्ट जाने की सलाह दी।

अनम खान और आयुष अग्रवाल द्वारा दायर याचिका में एक दिसंबर, 2024 को आयोजित क्लैट-पीजी 2025 परीक्षा के संचालन के संबंध में कई शिकायतें की गईं। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि दो दिसंबर को जारी अनंतिम उत्तर कुंजी में 12 प्रश्नों के गलत उत्तर सहित महत्वपूर्ण त्रुटियां थीं। याचिका में उत्तर कुंजी को चुनौती देने की प्रक्रिया पर भी आपत्ति जताई गई है। कहा आपत्तियों के लिए एक दिन की समय-सीमा, जो तीन दिसंबर को शाम चार बजे बंद हो गई थी, अपर्याप्त थी।उन्होंने प्रति आपत्ति एक हजार रुपये के शुल्क का भी विरोध किया। हालांकि, प्रधान न्यायाधीश ने शुल्क से संबंधित आपत्ति को खारिज करते हुए कहा कि प्रति आपत्ति एक हजार रुपये कोई बड़ी बात नहीं है। याचिका में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया को स्थगित करने का भी अनुरोध किया गया।

# गर्दन का कालापन कैसे दूर करें? यहां जानिए 10 मिनट में टैनिंग हटाने का आसान उपाय

आमतौर पर लोग सुंदर दिखने के लिए सबसे ज्यादा अपने चेहरे पर ध्यान देते हैं. इसके लिए न केवल लोग तरह-तरह के ट्रीटमेंट्स लेते हैं बल्कि कई घरेलू उपाय भी अपनाते हैं. लेकिन सुंदर दिखने के लिए शरीर के हर एक अंग पर ध्यान देने की जरूरत होती है. लोग चेहरा तो चमका लेते हैं लेकिन कुछ हिस्सों पर उनका ध्यान कभी नहीं जाता है. उसमें से एक है गर्दन. गर्दन को ठीक तरह से साफ ना करने या धूप में घूमने की वजह से कभी सन टैनिंग हो जाती है तो कभी मैल जम जाता है. ऐसे में गर्दन काली नजर आने लगती है. जब लोगों का इस पर ध्यान जाता है तब बहुत शर्मिंदगी महसूस होती है. ये दिक्कत अगर आपके साथ भी है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है. यहां हम आपके लिए टैनिंग वाली डार्क गर्दन को साफ करने के लिए आसान सा उपाय लेकर आए हैं.

### मुल्तानी मिट्टी में ये चीजें मिलाकर करें इस्तेमाल

यूं तो मुल्तानी मिट्टी त्वचा पर ग्लो लाने का काम करती है. इसके साथ-साथ इसमें कई सारे औषधीय गुण होते हैं. जो त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं. ये सभी गुण गर्दन के कालेपन को साफ करने के लिए उपयोगी हैं. वहीं ग्लिसरीन में भी एंटी-एजिंग गुण होते हैं. जो त्वचा को नमी तो देते ही हैं, साथ ही ग्लो लाने में भी मदद करते हैं. विटामिन ई कैप्सूल में भी एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो कालापन साफ करने में सहायक होता है.

### गर्दन को साफ करने के लिए इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी
1 चम्मच ग्लिसरीन
1 विटामिन ई कैप्सूल

### पैक इस तरह करें तैयार

एक बाउल में मुल्तानी मिट्टी डाल दें.
इसके ग्लिसरीन डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें.
इसके बाद इसमें विटामिन ई कैप्सूल डालें
इस पेस्ट को गर्दन के कालेपन वाली जगह पर लगाएं.



पेस्ट सूख जाने के बाद इसे धो लें.
इस उपाय को हफ्ते में 2 से 3 दिन करें.
काली गर्दन साफ करने के घरेलू नुस्खे

* दही में नींबू निचौड़कर 5 से 10 मिनट गर्दन पर लगाकर रखने के बाद हटा लें. मैल साफ होने लगेगा.
* शहद में हल्दी मिलाकर पेस्ट बनाएं. इसे गर्दन पर 15 मिनट लगाकर रखने के बाद धो लें. गर्दन साफ होगी.
* बेसन में हल्दी और दही मिलाकर मास्क तैयार करें. इस मास्क से स्किन एक्सफोलिएट होती है और टैनिंग हट जाती है.
* रोजाना गर्दन पर एलोवेरा जैल मलने से भी टैनिंग साफ होने लगती है. इससे स्किन को ठंडक भी मिलती है.
* आलू का रस गर्दन का कालापन दूर करने में बेहद असरदार होता है. आलू के रस को गर्दन पर लगाकर 15 मिनट रखें और फिर धो लें.
* 2 चम्मच टमाटर के रस में नींबू के रस की कुछ बूंदे मिलाएं और इसे गर्दन पर लगाएं. 5 मिनट बाद स्किन को धोकर साफ कर लें.



## शानदार कार को छोड़कर आलिया भट्ट ने की ऑटो की सवारी

बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट ने मुंबई में यातायात की समस्या से बचने के लिए अपनी शानदार कार को छोड़कर ऑटो की सवारी की।

अभिनेत्री मुंबई के वर्सोवा जेटी पर नजर आईं। इसके बाद बोट से उतरकर सफर के लिए ऑटो को चुना। 'राजी' फेम अभिनेत्री एक ओवरसाइज स्ट्राइप्ड शर्ट और पैंट पहने हुए देखी गईं। यातायात की समस्या से बचने के लिए आलिया भट्ट के साथ ही अन्य हस्तियां भी वर्सोवा से मुंबई के इलाके में शूटिंग स्थलों तक जाने के लिए जेटी राइड का सहारा लेती नजर आ चुकी हैं। इससे सफर करने में लगभग 90 मिनट का समय बचता है। कन्नड़ सुपरस्टार यश और कियारा आडवाणी जैसे अन्य अभिनेताओं को भी शूटिंग स्थलों तक पहुंचने के लिए जेटी का सहारा लेते देखा गया। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' अभिनेत्री आलिया भट्ट सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट शेयर करती रहती हैं। आलिया ने हाल ही में एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने घर पर क्रिसमस ट्री लगाती नजर आईं। क्रिसमस ट्री को परिवार, पति रणबीर कपूर और बेटी राहा के नाम वाले स्टिकर्स से सजाया गया था। आलिया ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, और यह हो गया। इस बार का क्रिसमस भी आलिया भट्ट के लिए खास है। उनकी लाडली राहा दो साल की हो चुकी हैं। राहा का जन्म 2022 में हुआ था। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री की हालिया रिलीज फिल्म जिगरा थी। फिल्म में आलिया के साथ लीड रोल में वेदांग रैना हैं।

## थलापति विजय की आखिरी फिल्म थलापति 69 में पूजा हेगड़े की एंट्री


थलापति विजय की आखिरी फिल्म से मेकर्स ने एक बड़ा अपडेट शेयर किया है. विजय की इस फिल्म में साउथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े लीड हीरोइन बनेंगी. हाल ही में मेकर्स ने बॉबी देओल के कास्ट जॉइन करने का अनाउंसमेंट किया था और अब पूजा हेगड़े भी थलापति 69 की कास्ट का हिस्सा होंगी. केवीएन प्रोडक्शन ने कुछ दिन पहले फिल्म का पोस्टर शेयर किया था. जिसमें लिखा था द टॉर्च बैरियर ऑफ डेमोक्रेसी इसके बाद फैंस फिल्म की और ज्यादा अपडेट जानने के लिए बेताब थे. इसीलिए मेकर्स एक एक करके इसकी कास्ट रिवील कर रहे हैं. थलापति 69 के मेकर्स ने बड़ा अपडेट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म में बॉबी देओल की एंट्री हो चुकी है. हालांकि उनका रोल क्या होगा अभी इस बारे में खुलासा नहीं हुआ है.

# बिना दवाई के सर्दी जुकाम से छुटकारा दिलाएंगे ये आयुर्वेदिक नुस्खे

बदलते मौसम में एक चीज से सभी लोग सबसे ज्यादा परेशान होते हैं वो है सर्दी, खांसी और जुकाम. कुछ लोग इसे झटपट ठीक करने के लिए दवाइयां खाना शुरू कर देते हैं तो कुछ लोग इसके लिए घरेलू उपाय या फिर आयुर्वेदिक नुस्खे खोजते हैं. फिलहाल सुबह-शाम की ठंड है और दिनभर तेज धूप से गर्मी रहती है. इस ठंड को सबसे खतरनाक माना जाता है क्योंकि इस दौरान बॉडी टेम्प्रेचर को बदलने में देरी नहीं लगती है. इस मौसम में इम्यून सिस्टम के कमजोर होने का ज्यादा खतरा होता है. ऐसे में अगर आप भी बिना दवाई के सर्दी जुकाम से छुटकारा पाना चाहते हैं तो फिर आयुर्वेदिक नुस्खे अपना सकते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

नमक का गरारा

अगर आपको सर्दी जुकाम हुआ है तो सबसे पहले उसे सही करने के लिए नमक का गरारा करना शुरू कर दें. इससे न केवल गले की खराश सही होती है बल्कि सूजन को ठीक करने के लिए भी ये असरदार है. एक गिलास गुनगुने पानी में आधा चम्मच नमक डालकर गरारा करें. इससे गले की सूजन और खराश में तुरंत आराम मिलेगा.



स्टीम लेना-सर्दी-जुकाम में अक्सर लोगों की नाक बंद हो जाती है. ऐसे में सांस लेने में दिक्कत होती है. इसे सही करने के लिए गरम पानी से स्टीम लेना बहुत फायदेमंद है. आप अपनी चेहरे के पास गरम पानी का बर्तन रखकर उसका भाप लें, इससे नाक और गला साफ होता है और आराम मिलता है.

हल्दी वाला दूध-

बिना दवाई के सर्दी जुकाम से छुटकारा पाने के लिए हल्दी वाला दूध पीना शुरू करें. हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं, जो सर्दी-जुकाम को दूर करने में मदद करते हैं. एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी डालकर पीने से गले में राहत मिलती है और सर्दी जल्दी ठीक होती है.

तुलसी और अदरक

आपको सर्दी लगी है तो सबसे पहले तुलसी और अदरक का सेवन शुरू कर दें. तुलसी में एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो इन्फेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं. तुलसी के पत्तों और अदरक का काढ़ा बनाकर पीने से शरीर में गरमी बनी रहती है और जुकाम में आराम मिलता है.

अदरक और शहद -सर्दी-जुकाम को सही करने में अदरक और शहद असरदार हैं. अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो को जल्दी ठीक करने में मदद करते हैं. एक चम्मच अदरक का रस और शहद मिलाकर दिन में 2-3 बार सेवन करें. इससे खांसी, गले की खराश और नाक बंद होने जैसी समस्याएं जल्दी ठीक होती हैं.

## सोनू सूद की फतेह के टीजर की रिलीज डेट से उठा पर्दा



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह का टीजर आज 9 दिसंबर को रिलीज होने वाला है. इस खबर की पुष्टि एक जबरदस्त पोस्टर के जरिए की गई है, जो फैंस के बीच काफी चर्चा का विषय बन गया है. पोस्टर में सोनू सूद का दमदार और एक्शन से भरपूर अवतार देखने को मिल रहा है, जिसमें वह एक दुश्मन को पकड़ते हुए नजर आ रहे हैं.वहीं फिल्म 10 जनवरी को रिलीज के लिए तैयार है.

फतेह का निर्देशन सोनू सूद ने खुद किया है और यह फिल्म ज़ी स्टूडियोज के बैनर तले बनी है. फिल्म के प्रोड्यूसर सोनाली सूद और उमेश केआर बंसल हैं. पोस्टर में दिखाई गई झलक ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है.

फिल्म के बारे में बात करते हुए दबंग एक्टर ने कहा, फिल्म फतेह सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं है. ये एक ऐसी कहानी है, जो साइबर अपराध के तेजी से बढ़ते मुद्दे पर प्रकाश डालती है. जिसे एक रोमांचक कहानी के जरिए पर्दे पर उतारा गया है. मेरा ये प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है. मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म से बेहतर तरीके से जुड़ पाएंगे. एक फिल्म निर्माता के रूप में, मेरा उद्देश्य एक ऐसी कहानी पेश करना है, जो आज की दुनिया की कहानी कहती हो.



## रिवीलिंग आउटफिट पहन भूमि पेडनेकर ने इंटरनेट पर बरपाया कहर

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। बी-टाउन की ग्लैमरस हसीना भूमि पेडनेकर हमएशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो फैंस के बीच छा जाती है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहनकर फोटोशूट करवाया है। इन फोटोज में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। भूमि पेडनेकर जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने सिल्वर कलर का चमकता हुआ रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक अंदाज में पोज देते हुए नजर आ रही हैं। खुले बाल, कानों में पर्ल इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही उन्होंने अपनी हॉटनेस ने फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। भूमि पेडनेकर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है। ये ही नहीं उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।

## रश्मिका मंदाना की द गर्लफ्रेंड के टीजर में रुमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवराकोंडा ने दी आवाज

रश्मिका मंदाना की फिल्म द गर्लफ्रेंड को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है. मेकर्स ने हाल ही में इसका नया पोस्टर रिलीज किया और इसके टीजर की रिलीज डेट बताई है. रश्मिका मंदाना राहुल रवींद्रन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वह एक कॉलेज जाने वाली लड़की की भूमिका में हैं और इसकी कहानी अनूठी होने की उम्मीद है. इस टीजर में उनके रुमर्ड बायफ्रेंड विजय देवराकोंडा ने आवाज दी है.मेकर्स ने हाल ही में द गर्लफ्रेंड का पोस्टर रिलीज करते हुए इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठाया है. बता दें इसका टीजर आज 9 दिसंबर को सुबह 11.07 बजे रिलीज होगा. राहुल रवींद्रन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वह एक कॉलेज जाने वाली लड़की की भूमिका में हैं और इसकी कहानी अनूठी होने की उम्मीद है. टीजर की सबसे खास बात यह है कि इसमें रश्मिका के रुमर्ड बायफ्रेंड विजय देवराकोंडा ने आवाज दी है. जिसने दर्शकों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ा दी है.

## शब्द सामर्थ्य -261

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 260 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## सरस्वती शिशु मंदिर चर्चा में की गई थी हेरा फेरी

# 24 लाख रुपयो के गबन का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

### खबर का असर...

**चरचा कालरी।** स्थानीय प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु मंदिर चर्चा में कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा मिली भगत कर 28 लाख रुपए की भारी भरकम राशि का गबन किए जाने का समाचार सबसे पहले तरुण छत्तीसगढ़ ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था समाचार प्रकाशन के चंद घंटे में ही चर्चा पुलिस ने विद्यालय के लाखों रुपयो के गबन के आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर अभिजीत प्रधान को गिरफ्तार कर लिया और जमकर पूछताछ की पूछताछ के दौरान अभिजीत प्रधान ने कई खुलासे किया जिसकी जांच चर्चा पुलिस कर रही है विस्तृत जांच पश्चात कई सफेद पोश चेहरों के नाम सामने आएंगे।



सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के कोषाध्यक्ष रामसागर सिंह ने थाना चर्चा में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई उनके साथ डॉक्टर समीर कुमार विश्वास, बसंत लाल विश्वकर्मा आदि भी थे विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा चर्चा थाने में दी गई शिकायत के अनुसार अभिजीत प्रधान जो पूर्व में उक्त विद्यालय में लिपिक ,अकाउंटेंट और कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्य था ने वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2022-23 के दौरान छात्रों से शुल्क वसूल कर लगभग 28 लाख 8490 रुपए की भारी भरकम राशि का गबन किया अभिजीत प्रधान ने छात्रों से शुल्क लेते समय छल ,कपट और धोखाधड़ी करते हुए रसीद बुक का दुरुपयोग किया और विद्यालय को इसकी जानकारी नहीं होने दी यह राशि उसने अन्य लोगों के सहयोग से गबन की है अभिजीत प्रधान दो प्रकार की रसीद बुक अपने पास रखता था हेरा फेरी के क्रम में मूल रसीद में राशि कुछ और लिखता था वही कार्बन कॉपी में बेहद कम राशि दर्शित करता था विद्यालय द्वारा की गई शिकायत पर चर्चा थाने में अपराध क्रमांक 282 / 24 धारा 408, 420, 467 ,468 ,120 बी भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई और आरोपी अभिजीत प्रधान को प्रथम दृष्टि में अपराध करते हुए पाए जाने पर गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया चर्चा पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से गबन की गई राशि से खरीदी गई एक मोटरसाइकिल और मोबाइल को जप्त कर लिया गया इस गंभीर प्रकरण को जल्द सुलझाने में प्रमोद पांडे थाना प्रभारी चर्चा ,सत्येंद्र तिवारी प्रधान आरक्षक ,सतीश कुमार सिंह की विशेष भूमिका रही।

### 7 वर्षों से लगातार कर रहा था हेरा फेरी

सरस्वती शिशु मंदिर चर्चा के तत्कालीन प्रबंधन द्वारा मनमानी करते हुए आरोपी अभिजीत प्रधान को लिपिक ,अकाउंटेंट और कंप्यूटर ऑपरेटर तीनों कार्य के लिए अधिकृत कर दिया था इस वजह से अभिजीत प्रधान मनमाने तरीके से हेरा फेरी करने लगा, 7 वर्षों तक एक ही व्यक्ति को तीनों कार्य देना निश्चित ही सुनियोजित खड्यंत्र प्रतीत होता है इसके अतिरिक्त इतनी लंबी अवधि में विद्यालय का ऑडिट रिपोर्ट में किसी भी हेरा फेरी का उल्लेख न होना भी अपने आप में सवालिया प्रश्न चिन्ह है विद्यालय के तत्कालीन प्रबंधन द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को वित्तीय अनियमितताओं की जांच न करने देना भी दुर्भाग्यपूर्ण है इस प्रकार का एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि विद्यालय प्रबंधन को दो वर्ष पूर्व हेरा फेरी की जानकारी थी तब पुलिस में रिपोर्ट क्यों नहीं दर्ज कराई गई ,क्या पुलिस में रिपोर्ट न करने हेतु किसी व्यक्ति विशेष का दबाव था।

# चिटफंड कंपनी के 4 डायरेक्टरों को पुलिस ने भीलवाड़ा राजस्थान से किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर थाना विश्रामपुर पुलिस ने आमजनता के साथ धोखाधड़ी करने वाले चिटफण्ड कंपनी के डायरेक्टरों का 4 दिनों तक लगातार भीलवाड़ा में कैम्प कर वहां का रहवासी-मजदूर बनकर, कम्बल बेचने एवं ठेला चलाकर उनके गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर बनाकर सूझबूझ का परिचय देते हुए चिटफंड कंपनी के 4 आरोपी डायरेक्टरों को गिरफ्तारी करने में सफलता हासिल की है।



अप्रैल 2023 में एसडीएम सूरजपुर के द्वारा अभिपवा प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड भीलवाड़ा राजस्थान के द्वारा सूरजपुर जिले के 29 निवेशकों को 2-3 गुना अधिक राशि देने का प्रलोभन देकर 17 लाख 28 हजार 366 रूपये की ठगी किये जाने संबंधी प्रतिवेदन कलेक्टर सूरजपुर के माध्यम से पुलिस अधीक्षक सूरजपुर को भेजा गया जिस पर उन्होंने थाना विश्रामपुर पुलिस को सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु निर्देशित किये जाने पर थाना विश्रामपुर में दिनांक 28.08.2023 को आरोपी कपिल जैन, महेश कुमार सेन निवासी भीलवाड़ा राजस्थान एवं अन्य के विरूद्ध अपराध क्रमांक 149/23 धारा 420, 34 भादवि, ईनामी चिटफंड धन परिचालन स्कीम (पाबंदी) की धारा 4, 5, 6 एवं छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने आमजनता के साथ किए गए ठगी के मामले को गंभीरता से लिया और आरोपियों की धरपकड़ के लिए थाना प्रभारी विश्रामपुर अलरिक लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर भीलवाड़ा राजस्थान के लिए रवाना किया। सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम द्वारा नई तकनीक एवं निवेशकों से प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए भीलवाड़ा राजस्थान विधिवत् रवाना हुई। पुलिस टीम भीलवाड़ा राजस्थान में लगातार 4 दिनों तक कभी वहां का रहवासी-मजदूर बनकर तो कभी कम्बल बेचने एवं ठेला चलाकर उनके गतिविधियों पर नजर रखी गई और आरोपियों की प्रकरण में संलिप्तता की पुख्ता जानकारी के आधार पर भीलवाड़ा में दबिश देकर चिटफंड कंपनी के 4 आरोपी डायरेक्टरों को पकड़ा गया और पूछताछ किया गया। 2 आरोपियों के द्वारा धोखाधड़ी किए गए रकम को खर्च कर देना एवं 2 आरोपियों के द्वारा ठगी की रकम से एक्सयूव्ही कार खरीदने की बात कबूली जिस पर आरोपी दिनेन्द्र दधीच के कब्जे से महिन्द्रा कंपनी का एक्सयूव्ही 700 क्रमांक आरजे 06 यूसी 6669 जप्त कर माननीय न्यायालय भीलवाड़ा से चारों आरोपियों का ट्रान्जिट रिमाण्ड प्राप्त कर थाना विश्रामपुर लाया गया। आरोपियों ने पूछताछ पर बताया कि अनंत दधीच का साला सुनील ब्यास के साथ दिनेन्द्र दधीच, कपिल जैन, महेश कुमार सेन व अन्य लोगों के द्वारा मिलकर वर्ष 2013 में अभिपवा प्रोडुसर कंपनी लिमिटेड नाम से फर्जी कंपनी बनाए जिसमें इन चारों के अलावा अन्य व्यक्ति भी डायरेक्टर थे और करीब 29 लोगों से 17,28,366/- रूपये राशि 1 वर्ष बाद 3 गुना करने का झांसा देकर राशि जमा कराकर और बाउण्ड पेपर देकर धोखाधड़ी कर कंपनी बंद कर दिए। पकड़े गए चारों आरोपियों के द्वारा धोखाधड़ी को अंजाम देना स्वीकार किए जिन्हें विधिवत् गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में एक आरोपी सुनील ब्यास की मृत्यु हो गई है। मामले में पुलिस टीम आगे की विवेचना में लगी हुई है। कार्यवाही में शामील पुलिस टीम। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर अलरिक लकड़ा, एएसआई शशि शेखर तिवारी, अविनाश सिंह, प्रधान आरक्षक नवीन सिंह, रविशंकर पाण्डेय, आरक्षक अखिलेश पाण्डेय, रौशन सिंह, युवराज यादव, शिवकुमार राजवाड़े व अजय प्रताप राव सक्रिय रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार की मौत

**बलरामपुर।** डूमरखी के आगे बैरियर के पास अज्ञात वाहन के द्वारा टक्कर मारे जाने से बाईक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान बलरामपुर नगर के वार्ड क्रमांक 2 मरियम पारा में रहने वाले फ्रांसिस केरकेट्टा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 2 मरियमपारा में रहने वाले प्रांसिस केरकेट्टा फादर के साथ दलधोवा गए थे जहां से वापस आ गए थे। परंतु मोबाइल छूट जाने का वापस मोबाइल लेने अपने बाइक से जा रहे थे इसी दौरान डुमरखी के आगे बेरियर के पास अज्ञात वाहन के द्वारा टक्कर मार दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर छोटे लगी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल हाईवे पेट्रोलिंग के कर्मचारियों को दी गई। सूचना पर तत्काल मौके पर हाईवे पेट्रोलियम की टीम पहुंची। बताया जा रहा था कि मृतक प्रांसिस ने बाईक चलाने के दौरान हेलमेट पहना हुआ था किंतु टक्कर इतनी जबरदस्त थी की हेलमेट भी फट गया एवं फांसिस के सिर पर गंभीर चोट लगी व उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## जिला स्तरीय पशुमेला का आयोजन 12 को

**सूरजपुर।** जिला स्तरीय पशुमेला का आयोजन विकासखण्ड सूरजपुर के ग्राम पंचायत कल्याणपुर में 01 दिवसीय जिला स्तरीय पशुमेला का आयोजन 12 दिसंबर को पशुधन विकास विभाग जिला सूरजपुर द्वारा किया जा रहा है। जिला स्तरीय मेला में पशु/पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन, पैरा यूरिया उपचार, अजोला उत्पादन, विभागीय विशेषज्ञों द्वारा पशुपालन संबंधी तकनीकी विषयों में पशुपालको को विस्तारपूर्वक जनकारी दी जाएगी। जिसमें कृषको/पशुपालको से अपील है कि उक्त पशुमेला एवं प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में अपने पशुओं के साथ भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

# देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के तहत किया गया प्रकृति परीक्षण

**सूरजपुर।** देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के तहत प्रकृति परीक्षण किया गया। आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा चलाए जा हैं देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के संबंध में कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में जिले के सभी विभागों के समस्त उच्च अधिकारियों को प्रकृति परीक्षण के संबंध में बताया गया। प्रकृति प्रशिक्षण अभियान 26 नवंबर 2024 संविधान दिवस से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरुआत किया गया है जो पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई के जयंती 25 दिसंबर तक चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से देश के समस्त लगभग एक करोड़ परिवारों का आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुसार वात पित्त, कप त्रिदोष प्रकृति का आकलन आयुष मंत्रालय के द्वारा बनाए गए मोबाइल एप्लीकेशन प्रकृति परीक्षण एप्लीकेशन माध्यम से प्रकृति परीक्षण किया जाएगा। पूरे देश में 4 लाख 70 हजार वालंटियर प्रशिक्षित हैं एवं सूरजपुर जिले में निर्धारित लक्ष्य आंकड़ा 56 हजार लोगों का प्रकृति परीक्षण करने हेतु 40 शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं पंजीकृत प्राइवेट आयुर्वेद प्रैक्टिशनर की संख्या लगभग 30 कल 70 वॉलिंटियर्स के द्वारा प्रतिदिन 15 नागरिकों का प्रकृति परीक्षण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आज समस्त विभागों के अधिकारियों को प्रकृति परीक्षण के बारे में जिला समन्वयक डॉक्टर संतोष सिंह के द्वारा मोबाइल एप्लीकेशन के संचालन एवं प्रकृति परीक्षण के लाभ के बारे में बताया गया। इस एप्लीकेशन के माध्यम से लोगों को अपनी प्रकृति जानने के पश्चात स्वस्थ जीवन शैली अपने हेतु आयुष मंत्रालय के द्वारा उसे मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से गाइडलाइन प्राप्त होगी, जिसके माध्यम से हम जिले में गैर संचारी रोगों बीपी शुगर एवं कैंसर जैसी रोगों के रोकथाम में जागरूकता कर स्वास्थ्य क्रांति लाने में सफ्लता हासिल कर सकते हैं इस ऐप के माध्यम से प्रत्येक परिवार का व्यक्ति इस अभियान के संकल्प के साथ संकल्प स्वास्थ्य का आधार आयुर्वेद का यह थीम के साथ आयुर्वेद से जुड़कर अपनी व्यक्तिगत एवं जीवन शैली में बदलाव कर अपनी आयु को बढ़ाने में स्वस्थ एवं निरोगी रहने में सहायता प्रदान करेगा। आयुष मंत्रालय के इस अनोखे अभियान से पूरे भारत एवं जिला सूरजपुर में स्वास्थ्य जागरूकता क्रांति लाकर लोगों को वैलनेस के प्रति जागरूक करने मैं सहयोग प्रदान करेगी सूरजपुर जिले में सभी शहरी से लेकर ग्रामीण स्तर तक सभी नागरिकों का प्रकृति परीक्षण कराने हेतु जन जागरूकता एवं सहयोग करने की अपील किया गया।

## नेशनल लोक अदालत 14 को

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के दिशानिर्देशन एवं माननीय छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सूरजपुर श्री गोविद नारायण जांगडे के द्वारा 14 दिसम्बर, दिन शनिवार को जिला न्यायालय सूरजपुर, कुटूम्ब न्यायालय सूरजपुर, तालुका न्यायालय प्रतापपुर एवं जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों ही माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई की जायेगी। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक एवं सिविल मामले, मोटर दुर्घटना दावा मामले, परिवारिक मामले, राजस्व मामले व अन्य राजीनामा योग्य मामले तथा बैंक ऋण, विद्युत, जल के बकाया देयकों का प्रीलिटिगेशन मामलों को नेशनल लोक अदालत में रखे जायेगें।

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कामकाजों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए आमजनों के सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में फौती नामांतरण, भूमि अधिग्रहण, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, बंदोबस्त, खसरा एवं नक्शा त्रुटि सुधार, अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति, वन अधिकार पट्टा आदि की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने फौती नामांतरण के लिए आवश्यकतानुसार विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए है।

## अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदको को मिला नियुक्ति आदेश

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन एवं अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर द्वारा आवेदक सेजल विश्वकर्मा, दीपा सिंह, संध्या सिंह, श्रीमती सुचिता सिंह,प्रकाश कुमार तिवारी, कलावती पैकरा, प्रज्जवल साहू, पुष्पराज सिंह, सुशील कुमार पैकरा, जतीन कुमार पासवान, श्रीमती सोनी देवी सोनी को जिले के विभिन्न विभागों में पदस्थापना करते हुए अनुकम्पा नियुक्ति आदेश पत्र प्रदाय किया गया।

# मुख्यमंत्री ने काले हीरे की नगरी चिरमिरी से एमसीबी जिले को दी 550 करोड़ रुपए की सौगात









### प्रदेश के सभी मंत्री कर रहे हैं सांय-सांय

### जिला अस्पताल का लोकार्पण सहित महत्वपूर्ण कार्यों की घोषणा

**एमसीबी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर जिले के चिरमिरी के लाल बहादुर स्टेडियम में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद चिरमिरी में पहली बार आया हूँ। उन्होंने कहा आज इस नए जिले को 550 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के करीब 447 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन होने से विकास की गति में तेजी आएगी व मील का पत्थर साबित होगा। श्री साय ने कहा कि जिस अस्पताल का आज लोकार्पण हुआ है, वहां सभी सुविधाएं के साथ विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर भी होंगे, इससे जिलेवासियों को इलाज कराने में मदद मिलेगी, उन्होंने कहा मनेंद्रगढ़ में मेडिकल कॉलेज हेतु मेडिकल बोर्ड का गठन भी हो चुका है।

श्री साय ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मूल मंत्र ''सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबके विश्वास'' के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, किसान, युवा, महिलाओं के विकास और उनके सशक्तिकरण के लिए श्री मोदी दिन- रात काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विगत विधानसभा निर्वाचन के बाद ''मोदी की गारंटी'' पर काम करना शुरू किया है। 13 दिसंबर को सरकार की एक साल पूरे होने जा रही है। आवास से वंचित हमारे प्रदेश के 18 लाख लोगों को आवास देने के लिए मुख्यमंत्री की शपथ लेने के दूसरे दिन 14 दिसंबर को मंत्रिमंडल में निर्णय लिया और प्रधानमंत्री आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई। उन्होंने कहा कि किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने 13 लाख से अधिक किसानों के दो साल का बकाया धान बोनस राशि 3716 करोड़ का भुगतान भी किया है। श्री साय ने कहा आदिवासियों के आय का मुख्य जरिया तेंदूपत्ता की पारिश्रमिक दर 4 हजार से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपये किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान वादा किया था कि सरकार बनने के बाद पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच होगी। उस वादे के मुताबिक पीएससी के पूर्व चेयरमेन सहित जो भी दोषी पाए गए हैं, उन्हें जेल भेज दिया गया है और इस तरह प्रदेष में सुशासन देने का काम किया है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री व नगरीय विकास मंत्री श्री अरुण साव की तारीफ करते हुए कहा कि विगत 10-11 माह में प्रदेश के नगरीय निकायों में साफ पेयजल आपूर्ति के लिए दो हजार करोड़ रुपए का काम किया है, आम लोगों को पानी पिलाने का काम किया है। श्री साय ने श्री रामलला दर्शन के सम्बंध में कहा कि एमसीबी जिले से भी सैकड़ों भक्तगण अयोध्याधाम जाकर श्रीराम लला का दर्शन किए हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आदिवासी समाज को उन्होंने सम्मान दिया है। देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू अनुसूचित जनजाति से हैं, तो छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी आदिवासी से है, इसका श्रेय मोदी जी को जाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह के ऐसे समुदायों को पीवीटीजी में रखा गया है, जिन्हें अनुसूचित जनजातियों में सबसे कमज़ोर माना गया है। इनके विकास के लिए पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने सोचा है, तो वह है श्री नरेन्द्र मोदी। उन्होंने कहा पीएम जनमन के तहत ऐसे पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, बैगा आदि जनजातियों के विकास के लिए सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, आवास जैसी बुनियादी जरूरत उपलब्ध कराने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (दा-जुगा) के तहत आदिवासी समुदाय के लोगों के विकास के लिए बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में सुधार करने के लिए 80 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा है, इस योजना में छत्तीसगढ़ के 6 हजार 500 गांव भी शामिल है और इस जिले के हजारों परिवारों को भी लाभ मिलेगा। श्री साय ने कहा कि आज यह कहने में खुशी हो रही है कि श्रीमती राजकुमारी बैगा जनपद अध्यक्ष भरतपुर-जनकपुर हमारे बीच है इसका श्रेय श्री मोदी जी को जाता है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के सम्बंध में कहा कि डिग्री के साथ रोजगार देने का भी कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि महज एक साल में बस्तर में शांति बहाली की दिशा में सफलता मिलने लगी है। हमारी सरकार इन लोगों को विकास के मुख्य धारा में जोड़ने का काम कर रही है। बस्तर में मोबाइल टॉवर पहुंचाने का काम तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार और सबके सहयोग से छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। उप मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन में नगरीय विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री श्री अरूण साव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा विष्णु के सुशासन और मोदी की गांरटी के उचित ताल-मेल के कारण ही आज 550 करोड़ रूपये से अधिक की राशि का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गांव, गरीब, किसान, महिलाओं और आदिवासियों के विकास के लिए योजनाएं, नीति बनाएं है, तो मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और इस डबल इंजन की सरकार ने सुशासन का एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। छत्तीसगढ़ शासन में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा विष्णु सरकार के सुशासन और मोदी की गारंटी की वजह से आज इस जिले को पहली बार इतनी बड़ी राशि की सौगात मिली है। श्री जायसवाल ने कहा चिरमिरी और मनेन्द्रगढ़ के बीच पानी की समस्या का समाधान के लिए नगरीय विकास मंत्री अरूण साव ने 185 करोड़ रूपये की स्वीकृति देकर एक महत्वपूर्ण विकास कार्य में भागीदारी दी है। श्री जायसवाल ने कहा चिरमिरी केवल राजनीतिक अखाड़ा बनकर रह गया था। लेकिन यहॉ के विकास के लिए कोई भी विधायक, मंत्री ध्यान नही दिये। श्री जायसवाल ने कहा अद्योसरंचना विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्व है। इसी के तहत रेल्वे विकास के लिए 241 करोड़ रूपये की स्वीकृति भी केन्द्र सरकार से मिल गई है। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा करीब 330 करोड़ रूपये की लागत से मनेन्द्रगढ़ में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री के हाथों कराया जायेगा। उन्होंने कहा इतने कम समय में चिरमिरी में उद्यानिकी महाविद्यालय और खड़गवां में पॉलिटेक्निक कॉलेज की शुरूआत होने से युवाओं को काफी लाभ मिलेगा। खड़गवां में एग्रीकल्चर कॉलेज की स्वीकृति मिल गई है आने वाले सत्र में कक्षाएं शुरू होंगी। इसके अलावा सरभोका-नागपुर के बीच कृषि विज्ञान केन्द्र भी खोला जायेगा, जिससे लाखों किसानों को इसका लाभ मिलेगा।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जनकपुर में 100 बिस्तर अस्पताल सेटअप की स्वीकृत करने की घोषणा। बता दें जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ से भरतपुर विकासखण्ड मुख्यालय की दूरी करीब 110 कि.मी. है, यहाँ विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना बेहद चुनौतिपूर्ण है, साथ ही यह क्षेत्र विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल्य है। वर्तमान में यह क्षेत्र विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं से वंचित है एवं उक्त सेवाओं हेतु लगभग तीन घण्टें सफर तय करकें जिला मुख्यालय आना पड़ता है, जिससे क्षेत्र कि जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, चूंकि यहाँ 100 बिस्तर अस्पताल का भवन उपलब्ध है अतः 100 बिस्तरीय चिकित्सालय कि सेवा उपलब्ध होने से विभिन्न विशेषज्ञ सेवाएँ लोगों को उपलब्ध होगी।मुख्यमंत्री ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) भरतपुर, पद की स्वीकृति करने की घोषणा की। बता दें जिला मुख्यालय से करीब 110 किमी की दूरी पर भरतपुर ब्लॉक मुख्यालय स्थित है, जिसमें थाना जनकपुर है। भरतपुर से थाना कोटाडोल 35 किमी एवं थाना केल्हारी 60 किमी एवं चौंकी कुवारपुर 35 किमी की दूरी पर स्थित है। प्रस्तावित अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) भरतपुर में कुल 03 थाना, 01 चौंकी एवं 244 गांव शामिल होंगे। राजस्व अनुभाग के अंतर्गत एस.डी.एम. भरतपुर का कार्यालय पूर्व से यहां संचालित है। भरतपुर ब्लॉक में एसडीओपी का पद स्वीकृत नहीं होने के कारण मनेन्द्रगढ़ एसडीओपी को ही आवश्यकतानुसार निरीक्षण /भ्रमण हेतु आना होता है। जिनको वहां पहुंचने में दो घंटे से ज्यादा का समय लगता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने चिरमिरी, खोंगापानी, झगराखांड, में एसईसीएल द्वारा बिजली आपूर्ति पर्याप्त नहीं होने के कारण यहाँ निवासरत लोगों के द्वारा ऊर्जा विभाग के ग्रिड से विद्युत सप्लाई की मांग की गई थी। इस मांग को ध्यान में रखते हुए विद्युतीकरण करने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बहुप्रतीक्षित मांग को ध्यान मे रखते हुए कोटाडोल विश्राम गृह बनाने की भी घोषणा की। इस जनसभा में सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महराज, भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची, पूर्व विधायक श्रीमती चम्पा देवी पावले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जनपद पंचायत भरतपुर की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी बैगा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, कलेक्टर डी.राहुल वैंकट, पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

# धान खाने अब खलिहान पहुंचने लगे हाथी, उपार्जन केंद्रों में भी खतरा

## केराकछार में कई ग्रामीणों के खरही को खाया, केंदई रेंज में अरहर को पहुंचाया नुकसान

**कोरबा।** खेतों में लगे धान की फसल अब लगभग कट चुका है। ऐसे में जिले में मौजूद हाथियों को धान खाने के लिए नहीं मिल रहा है, सो अब वे इसकी तलाश में खलिहानों तक पहुंचने लगे हैं। वहीं हाथी प्रभावित क्षेत्रों में स्थित उपार्जन केंद्रों में रखे धान को भी खतरा पैदा हो गया है।

बीती रात कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में मौजूद हाथियों के दल ने केराकछार (नोनबिर्रा) पहुंचकर ग्रामीणों के खलिहान में जमकर उत्पात मचाया और वहां रखे धान की खरही को चट करने के साथ ही तितर-बितर कर दिया। हाथियों के इस उत्पात से कई ग्रामीण प्रभावित हुए हैं जिसका आंकलन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार करतला वन परिक्षेत्र में वर्तमान में 50 हाथियों का दो दल अलग-अलग विचरण कर रहा है। इसमें से 42 हाथियों वाला दल बीती रात बोतली क्षेत्र से मूवमेंट किया और नोनबिर्रा वन परिसर के केराकछार नामक गांव में पहुंच गया। हाथियों के दल ने यहां पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू किया और खलिहान में रखे कई ग्रामीणों के धान की खरही को नुकसान पहुंचाया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों द्वारा रात में हाथियों के आने तथा उत्पात मचाए जाने की सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही की। जिससे वे जंगल की ओर भागने को मजबूर हो गए।



उधर कुदमुरा रेंज में भी हाथियों का उत्पात जारी है। यहां जंगल में घूम रहे एक दर्जन हाथियों ने बीती रात खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जहां कोरबा वनमंडल के कुदमुरा व करतला रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है वहीं कटघोरा वनमंडल में मौजूद हाथी भी इससे कम नहीं है। यहां के पसान व केंदई रेंज में सक्रिय हाथियों के दल ने अरहर फसल को नुकसान पहुंचाया है। खबरों के अनुसार 28 हाथी केंदई रेंज के लमना क्षेत्र में घूम रहे हैं। इन हाथियों ने यहां के मनुहार बस्ती तथा आमाटिकरा के हरमोर में पांच किसानों के खेतों में पहुंचकर वहां लगे अरहर के पौधों को चट कर दिया है। वहीं पसान रेंज के सेमरहा क्षेत्र में सक्रिय 22 हाथियों के दल ने खेतों में पहुंचकर 15 ग्रामीणों के अरहर फसल को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों का उत्पात यहां रात भर चला, सुबह होने से पहले हाथी आगे बढ़कर बीजाडांड सर्किल के सेन्हा गांव पहुंच गया है। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में आने की जानकारी मिलने पर संबंधित वन अमला सतर्कता बरतने के साथ ही हाथियों की निगरानी में जुट गया है। आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सावधान भी किया जा रहा है।

उठाव नहीं होने से किसानों से खरीदा जा रहा पूरा धान फड़ में पड़ा हुआ है। ऐसे में धान की सुरक्षा बड़ी चुनौती बनती जा रही है। एक ओर हाथियों का भय बना हुआ है तो दूसरी ओर बेमौसम बारिश का खतरा भी मंडरा रहा है। धान की मात्रा ज्यादा होने से सभी धान को बारिश से बचाने लायाक तिरपाल समेत अन्य संसाधन भी कम पड़ जाएंगे। ऐसे में जल्द से जल्द उठाव ही पहला समाधान होगा। पिछले एक सप्ताह से 50 से करीब हाथियों का झुंड करतला रेंज के बोतली, पिडिया और नवापारा के जंगल के आसपास ही विचरण कर रहा है। बोतली और पिडिया में लगातार मकानों और फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। समितियों के लोगों ने बताया कि फड़ की रखवाली के लिए अलाव, मशाल के अलाव दो से तीन ट्रैक्टरों को भी रात में फंड में खड़े रख रहे हैं ताकि अगर हाथी इस ओर पहुंच जाएंगे तो ट्रैक्टर चलने की तेज और हेडलाइट की रोशनी से हाथी करीब आने से डरेंगे। इतना ही नहीं रात में ट्रैक्टरों से फड़ के चारों ओर आसपास चक्कर भी लगाते हैं ताकि आवाज सुनकर हाथी इस ओर न पहुंचे। धान को बचाने तरह-तरह के जतन करने पड़े रहे हैं। कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में हाथियों की मौजूदगी से लोगों में दशहत बनी हुई है। रेंज के बोतली, पिडिया, सूईआरा समेत जंगल के सटे गांवों में हाथियों का झुंड पिछले दस-12 दिनों से विचरण कर रहा है और रात होते ही इन इलाकों में पहुंचकर फसलों और मकानों को नुकसान पहुंचा रहा है। इससे एक ओर ग्रामीण जहां अपनी जान-माल को लेकर चिंतित है तो दूसरी ओर इस क्षेत्र के धान उपार्जन केंद्रों के प्रभारियों की भी नींद उड़ी हुई है। बोतली से करीब 4-5 किमी दूर नवापारा धान उपार्जन केंद्र हैं जहां वर्तमान में 9 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है और धान का उठाव नहीं होने से पूरा धान फड़ में जाम है। ऐसे में समितियों के लोगों को हर रात चिंता सता रही है कि हाथियों का झुंड अगर इस ओर पहुंच गया तो क्या करेंगे। इसके कारण रात होते ही समितियों के लोग सुरक्षा पहरा के साथ चारों ओर लाइट जलाकर और आग जलाकर रख रहे हैं। रोशनी व आग देखकर हाथी उस ओर जल्दी से नहीं पहुंचते। अलाव जलाकर रतजगा कर रहे हैं। हालांकि भले ही इस तरह रतजगा कर सुरक्षा कर रहे हैं लेकिन हाथियों का झुंड अगर पहुंच जाएगा तो इतने उपाय भी शायद काम नहीं आएंगे। समितियों के प्रभारियों का कहना है कि उठाव नहीं होने से और ज्यादा परेशानी हो रही है। नियमित उठाव होता रहता तो इतना धान केंद्रों में रहता ही नहीं।

## ओवरब्रिज निर्माण को लेकर संयुक्त मोर्चा की बैठक

**कोरबा।** दीपका में ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना है, जिसका विरोध संयुक्त मोर्चा के द्वारा किया जा रहा है। संयुक्त मोर्चा का कहना है कि पुराने नक्शे के आधार पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए। अगर नए नक्शे के आधार पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाता है तो कालोनीवासियों को काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। इसके लिए पहले से ही संयुक्त मोर्चा ने प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा था। इसके अलावा ओवरब्रिज निर्माण को रोकने के लिए धरना प्रदर्शन भी हुआ था। कल संयुक्त मोर्चा की बैठक हुई जिसमें रेशमलाल यादव, दीपक उपाध्याय, गोपाल यादव, प्रीतम राठौर सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। इनके द्वारा आगे की रणनीति तैयार की गई।

## धान खरीदी केंद्र के सामने कांग्रेसी देंगे धरना

**कोरबा।** आज हरदीबाजार धान खरीदी केंद्र के सामने कांग्रेसियों के द्वारा धरना दिया जाएगा। इनकी मांग है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो व प्रदेश सरकार के द्वारा किसी भी प्रकार का अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन में पुष्पेंद्र शुक्ला, विशाल शुक्ला सहित क्षेत्र के कांग्रेसी शामिल होंगे। जिन-जिन ब्लॉक क्षेत्रों में धान खरीदी केंद्र है उन स्थानों पर आज प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके तैयारी कांग्रेसियों के द्वारा कल कर ली गई थी।

## कभी भी विस्मृत नहीं हो सकेगा अहिल्या बाई का योगदान : मंजू

### एनएसएस के शिविर में हुई कार्यशाला



**कोरबा।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ग्राम हरणमुंडी में कार्यशाला संपन्न हुआ।

शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन ग्राम-हरणमुड़ी में किया जा रहा है। जिसमें छठवें दिन राजमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी कार्यशाला का आयोजन सायं 3 बजे से 5 के मध्य किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत सह सेवा प्रमुख एवं आर्यन पब्लिक स्कूल की प्राचार्य श्रीमती मंजू अजय दुबे शामिल हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अजय कुमार दुबे उपस्थित हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय महाविद्यालय पाली के कार्यक्रम अधिकारी हर्ष पांडे ने की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड पाली के खंड संचालक परमजीत छावड़ा एवं खंड सह कार्यवाह विनायक पाल विशेष रूप से उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के द्वारा किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना की गई। अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य वक्ता श्रीमती मंजू अजय दुबे ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के सेवा कार्यों ,समाज में उनके योगदान, उनकी प्रशासनिक कुशलता , दृढ़ प्रतिज्ञा एवं उनके जीवन के संघर्ष गाथा पर विस्तार से अपने वक्तव्य रखे । उन्होंने कहा कि अहिल्या देवी का पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित रहा। उन्होंने लोक मंगल की भावना से अपनी भूमिका निभाई। धार्मिक पुनरुत्थान के लिए उनका अप्रतिम योगदान स्वर्णिम रहा, जिसने इतिहास में अमिट पहचान बनाई। समाज व्यापक परिप्रेक्ष्य में इस योगदान को कभी भी विस्मृत नही कर पायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हर्ष पांडे , सहायक प्राध्यापिका श्रीमती भारती देवांगन एवं उपस्थित छात्र छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## पांच नए मंडलों के नामों की हो सकती है घोषणा

**कोरबा।** भाजपा संगठन चुनाव कोरबा जिले में चल रहा है। जो मंडल बड़े हैं या जिनमें 70 से अधिक बूथ हैं उनको छोटा किया जा रहा है। कोरबा जिले में पांच नए मंडल बनाए जा सकते हैं। जिसके नामों की घोषणा आज की जा सकती है। भाजपा जिला चुनाव प्रभारी राजा पांडेय व सहप्रभारी संजय भावनानी बैठक में नए मंडलों के चुनाव अधिकारियों के नामों की भी घोषणा कर सकते हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भाजपा संगठन को और मजबूत करने के लिए मंडलों को और छोटे किए जा रहे हैं। जिन मंडलों में 70 से अधिक बूथ हैं उनको दो भागों में बांटा जा रहा है। इसकी तैयारी काफी पहले से ही की जा रही थी। कोरबा जिले से प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका है। कहा जा रहा है कि बांकीमोंगरा मंडल में अधिक बूथ हैं। इस मंडल को बांकीमोंगरा व कुसमुंडा के नाम से घोषित कर सकते हैं। कुसमुंडा मंडल को कोरबा विधानसभा में शामिल किया जाएगा। इसी तरह कटघोरा मंडल भी काफी बड़ा माना जाता है। इस मंडल को बांटकर जवाली व कटघोरा बनाया जाएगा। इसी तरह उरगा मंडल को भी तिलकेजा व उरगा के नाम से बनाया जा रहा है।

## आंदोलन की बनेगी रूप रेखा

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी संघ के द्वारा 13 दिसंबर को रायपुर में किए जाने आंदोलन के लिए आज रूप रेखा तैयार की जाएगी । कार्यकर्ताओं की बैठक दर्जे में आयोजित की गई है। जिसमें राष्ट्रीय सचिव आरएस जयसवाल व महामंत्री नवरत्न बरेठ उपस्थित रहेगें। ज्ञातव्य है कि 13 दिसंबर को बिजली कर्मचारी की मांगो को लेकर 13 दिसंबर को होगा। जिसके लिए पूरे प्रदेश भर के कार्यकर्ता जुटेगें। कोरबा से 100 से अधिक कार्यकर्ताओं को ले जाने की तैयारी की जा रही है। बिजली कर्मचारी संघ के द्वारा मांग पत्र सौंपा गया था। अभी तक इन मांगो को पूरा नही किया गया है। लगातार दबाव बनाए जाने के बाद भी अभी तक मांगे लंबित है। आज होने वाली बैठक में केदार राठौर, हेतराम खुंटे अजय मिश्रा, संदीप राठौर, भीम चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होगें। रायपुर में प्रदर्शन के लिए जाने वाले कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की जाएगी । इस बैठक में रायपुर जाने के लिए वाहन व्यवस्था एवं अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। बिजली कर्मचारी संघ ने सबसे पहले ईकाईयों में प्रदर्शन किया था।

## जयंती समारोह की तैयारियों पर चर्चा

**कोरबा।** सतनाम समिति कुसमुंडा के द्वारा प्रत्येक वर्ष गुरूघासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया जाता है। इसके लिए तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। विरेन्द्र टंडन ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सभी लोग बढ़चढ़ भाग लेते है। और अपनी रखते है।

## श्रमिक संगठनों का अब चलेगा सदस्यता अभियान

**कोरबा।** अब एसईसीएल में श्रमिक संगठन सदस्यता अभियान चलाएंगे। इसकी तैयारियों को लेकर बैठक शुरू हो गई है। कल बीकेकेएमएस की दो अलग-अलग बैठक हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष टिकेश्वर राठौर ने सदस्यता अभियान के लिए तैयार रहने कहा है। नए वर्ष से सभी इकाईयों में सदस्य बनाए जाएंगे। गेवरा में हुई बैठक में रमेश गुरुद्वान, प्रीतम राठौर, मदन सिंह, वीरेंद्र राठौर, कुलदीप कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। जबकि कुसमुंडा में हुई बैठक में अमिया मिश्रा, हिरेंद्र चंद्रा, रंजय सिंह ने मिलकर रणनीति बनाई। कोरबा पश्चिम क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए एसईकेएमस के केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, संदीप चौधरी, किशोर सिन्हा जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इस क्षेत्र के अशोक सिंह, उदेश्वर नायक, अजीत सिंह, रमेश परिहार, श्यामसुंदर सिंह सहित सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा। इस क्षेत्र में एसकेएमएस काफी मजबूत स्थिति में है। यहां पर कृष्णा तिवारी, प्रमोदधर दीवान, ऋषभ सिंह, संजय सिंह, सुरेश श्रीवास सक्रिय कार्यकर्ता माने जाते हैं। एचएमएस के सुरेंद्र मिश्रा भी लगातार इस क्षेत्र में दौरा कर रहे हैं।

## कंपनी सेफ्टी कमेटी के सदस्य चिरमिरी का करेंगे दौरा

**कोरबा।** एसईसीएल कंपनी सेफ्टी सदस्य धर्माराव सहित सभी संगठन के सदस्य कल चिरमिरी क्षेत्र का दौरा करते हुए कोयला कामगारों से मुलाकात करेंगे। इनके द्वार दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए कोयला कामगारों से सुझाव लिए जाते हैं और प्रबधंन को रिपोर्ट सौंपते हैं। इसके पहले हसदेव क्षेत्र का दौरा भी किया गया था। कंपनी सेफ्टी सदस्य लगातार सभी एरिया में जा रहे हैं।

## मानवाधिकार दिवस मनाया गया

**कोरबा।** महात्मा गांधी मार्ग कोरबा स्थित अपने कार्यालय में अधिवक्ता धनेश सिंह ने मानवाधिकार दिवस मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ की सामान्य सभा ने मानव अधिकारों के सार्वभौम घोषणा को स्वीकृत कर घोषित किया। इस ऐतिहासिक कार्य के बाद ही सभा में सभी देशों से पुनरावेदन किया कि वे इस घोषणा का प्रचार-प्रसार करें और देशों अथवा प्रदेशों की राजनैतिक स्थिति पर आधारित भेदभाव का विचार किए बिना, विशेषत: विद्यालयों और अन्य शिक्षा संस्थानों में प्रसार, प्रदर्शन, पठन और व्याख्या का प्रबंध करें। संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में यह कथन था कि संयुक्त राष्ट्र के लोग यह विश्वास करते हैं कि कुछ ऐसे मानवाधिकार हैं जो छीने नहीं जा सके। मानव की गरिमा है और स्त्री-पुरूष के समान अधिकार हैं। इस घोषणा से राष्ट्रों को प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और वे इन अधिकारों को संविधान या अधिनियमों के द्वारा मान्यता देने और क्रियान्वित करने के लिए अग्रसर हुए। राज्यों ने उन्हें अपनी विधि में प्रवर्तनीय अधिकार का दर्जा दिया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में सेजेस अरदा को मिला प्रथम स्थान




**कोरबा।** छत्तीसगढ़ युवा उत्सव वर्ष 2024-25 के तहत खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक गतिविधियों का विकास खंड स्तरीय आयोजन 06.12.24 को किया गया था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं में सेजेस अरदा की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिगत लोकनृत्य में नीरा महंत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हस्तशिल्प में शिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण एवं कहानी लेखन में आस्था कंवर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकल लोकगीत में रोशनी राजपूत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक लोकनृत्य श्रीमती कंचन लता टोप्पो मैम के मार्गदर्शन में रोशनी राज, रजनी , रोशनी राजपूत, नाजिया, रोशनी, रागिनी राजपूत, समृद्धि, स्नेहा पाटले, नंदिनी, कंचन, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सामूहिक लोकगीत में तन्नु, आस्था कंवर, राधिका, शीतला, रानु, श्वेता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती कौशिल्या खुराना एवं मंजूषा नायर मैम के सहयोग से इन बच्चों ने जिला में स्थान बना पाए। ज्ञात हो कि 2 व्ही बी तिर्की एवं के एस कंवर का विशेष योगदान रहा। संस्था के प्राचार्य डी लाल एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com